
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22




आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 327 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 9 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू गिरफ्तार, भ्रष्टाचार के मामले में सीआईडी ने किया अरेस्ट



**अमरावती (एजेंसी)।** तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को आंध्रप्रदेश की सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। भ्रष्टाचार के मामले में उनकी गिरफ्तरी हुई है। यही नहीं एपी पुलिस ने एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश को भी पूर्वी गोदावरी जिले से हिरासत में लिया। चंद्रबाबू पर भ्रष्टाचार के मामले में 2021 में केस दर्ज किया गया था। नायडू पर सीआईडी ने धारा 120(8), 166, 167, 418, 420, 465, 468, 471, 409, 201, 109आरडब्ल्यू और 37 के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं गिरफ्तारी के बाद पूर्व सीएम जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं।

नंदयाल रेंज की अपराध जांच विभाग (सीआइडी) के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने आरके फंक्शन हॉल में स्थित चंद्रबाबू नायडू के शिविर से उन्हें गिरफ्तार किया। शनिवार सुबह यह कार्रवाई की गई। इस दौरान टीडरपी के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी भी की। पुलिस ने बताया कि चंद्रबाबू नायडू को आंध्रप्रदेश कौशल विकास निगम घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद चंद्रबाबू नायडू ने मीडिया से कहा, 'मैं किसी भी भ्रष्टाचार मामले में शामिल नहीं हूं। सीआईडी ने बिना किसी सबूत के मुझे गिरफ्तार किया है।

### कांग्रेस से पहले आम आदमी पार्टी ने जारी कर दी अपनी पहली लिस्ट, इन सीटों पर तय हुए नाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। आप की पहली सूची में कुल दस उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा गया है। विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी दूसरी बार छत्तीसगढ़ में किस्मत आजमा रही है और इस बार इनकी तैयारी भी अच्छी दिख रही है। दिल्ली व पंजाब में इनकी सरकार है और इन्हें राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल चुका है।

# अजय माकन की सूची से 'मैच' नहीं हुए सिंगल नाम, पुनर्विचार के बाद भी नहीं बन पाई सहमति




## सिंगल नाम फंस गए पैनल में, फिर बैठेगी स्क्रीनिंग कमेटी, दिल्ली से ही होगा फैसला

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** कहते हैं कि मौत और कांग्रेस की टिकट का कोई भरोसा नहीं है। बात सौ फीसद सच साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ में ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक की गई पूरी कवायद बेकार गई है। स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन की मौजूदगी में कल सीएम हाउस में बैठक हुई तो प्रदेश के कई बड़े नेताओं के होश उड़ गए। माकन अपने साथ दिल्ली से उम्मीदवारों की सूची लेकर आए थे। अब तक दावा किया जा रहा था कि कांग्रेस में 30-35 नाम तय कर लिए गए हैं, जिनकी घोषणा 8 सितम्बर के बाद कभी भी कर दी जाएगी, लेकिन माकन की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद उन तमाम नामों पर नए सिरे से पुनर्विचार किया गया। दिल्ली के नामों और स्थानीय सूची में एकरूपता का अभाव था, ऐसे में बहुत सारी सीटों पर आम सहमति नहीं बन पाई। कांग्रेस की पहली सूची के लिए इंतजार और लम्बा हो गया है।

जो नेता अपनी टिकट पक्की मानकर मैदान में उतर चुके थे, उनके लिए अजय माकन की मौजूदगी में हुई बैठक से बुरी खबर निकलकर आई है। कल देर रात तक चली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में पहली सूची के लिए नामों को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। जबकि माना जा रहा था कि ब्लाक से प्रदेश स्तर तक की कवायद के बाद निकले नामों पर अंतिम मुहर लग जाएगी। बताया जाता है कि कांग्रेस आलाकमान ने सभी 90 सीटों के लिए अपने स्तर पर सर्वे करवाया था। माकन इसी सर्वे की एक पूरी लिस्ट लेकर आए थे। बेनतीजा खत्म हुई कल की इस बैठक के बाद अब यह दावा किया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ स्तर पर जिन नामों को फायनल मान लिया गया था, उनमें कई बदलाव किए जा सकते हैं। बैठक के बाद यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि किसी भी नेता को मुगालते में नहीं रहना चाहिए। केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के बाद ही यह तय हो पाएगा कि किस सीट से कौन प्रत्याशी होगा।

### 2018 में भी पैनल में फंसे थे सिंगल नाम

2018 में भी कमोबेश ऐसे ही हालात थे। पार्टी ने ब्लाक से लेकर प्रदेश स्तर तक की लम्बी कवायद के बाद सिंगल नाम तय किए, लेकिन आलाकमान तक पहुंचते-पहुंचते इन नामों को पैनल में फंसा दिया गया। हालांकि 2018 के नतीजे पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में आए थे। तब कांग्रेस ने 90 सीटों वाले इस छोटे राज्य में कुल 72 सीटों पर अभूतपूर्व विजय दर्ज की थी। लेकिन बार स्थितियां इसलिए जुदा है, क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस की ही सरकार है। ऐसे में प्रत्याशियों को लेकर उठाया गया एक त्रुटिपूर्ण कदम नतीजों को प्रभावित कर सकता है। कई तरह के सर्वे की रिपोर्ट इशारा कर रही है कि इस चुनाव में कांग्रेस व भाजपा के बीच लगभग बराबरी का मुकाबला है। हालांकि कांग्रेस एक बार फिर से सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त है। भाजपा भी यह उम्मीद कर रही है कि 2018 के विपरीत इस बार सत्ता उसके हाथ में होगी।

### 10 दिन टल गई प्रत्याशियों की घोषणा

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में पहले से तय किए गए नामों पर पूर्ण सहमति नहीं बन पाई। अंत में यह बैठक बेनतीजा ही खत्म हो गई। इससे पहले यह तय किया गया कि फिलहाल प्रत्याशियों की पहली सूची जारी नहीं की जाएगी। स्क्रीनिंग कमेटी फिर से बैठेगी और एक-एक नामों पर फिर से विचार किया जाएगा। इसके बाद तैयार सूची को सीईसी को भेजा जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि 2018 की तर्ज पर इस बार भी टिकट के लिए जो प्रक्रिया अपनाई गई, वह सिर्फ कार्यकर्ताओं को चार्ज करने चुनावी माहौल तैयार करने के लिए है। टिकट का फैसला तो हमेशा आलाकमान ही करता है। अलबत्ता, एक पूरी प्रक्रिया अपनाने से स्थानीय कार्यकर्ताओं का एक रूझान जरूर मिल जाता है। सूत्रों के मुताबिक, भले ही वरिष्ठ नेता रवीन्द्र चौबे ने दावेदारों को दिल्ली दौड़ लगाने से बचने की सलाह दी हो, लेकिन दिल्ली दौड़ से कई बार प्रत्याशियों को बदलते देखा गया है। फिलहाल क्योंकि नामों को लेकर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है, इसलिए संभावना जाहिर की जा रही है कि पहली सूची के लिए करीब 10 दिन और विलम्ब हो सकता है।

### इन अहम् मसलों पर हुई गहन चर्चा

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कई अहम् मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। माकन ने यह सवाल उठाया कि जिन सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं, वहां वर्तमान में क्या स्थिति है? क्या विधायक के खिलाफ एंटी इन्कम्बेंसी तो नहीं है? यदि है तो किस तरह का प्रत्याशी देकर स्थितियों को अनुकूल किया जा सकता है। कमेटी के सदस्यों ने यह भी पूछा कि भाजपा किन मुद्दों को लेकर मैदान में उतरने जा रही है और कांग्रेस के पास उसका क्या तोड़ है? पूर्व सीएम डॉ. रमन क्या चुनाव लड़ेंगे, यदि हाँ तो कहां से और क्या स्थिति होगी। बैठक में चुनावी मुद्दों को लेकर भी चर्चा होने की खबर है। मसलन धान खरीदी इस बार दोनों ही दलों के लिए प्रमुख मुद्दा होगा। इसके अलावा मोदी सरकार की नीतियों का राज्य में कितना असर होगा और प्रदेश सरकार की नीतियों का कितना लाभ मिल पाएगा। इस दौरान पूरे राज्य में सरकार के प्रदर्शन पर भी खासतौर पर बातचीत हुई।

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में माकन के अलावा सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज के अलावा कमेटी के सदस्य एल हनुमंथैया और नेटा डिसूजा भी उपस्थित थे। बताया जाता है कि बैठक शुरू होते ही सिंगल सीटों पर आए नामों पर चर्चा शुरू हुई। यह चर्चा लम्बी खिंचती चली गई। तय किया गया कि सिंगल नामों को पैनलाइज किया जाएगा। इस तरह जहां-जहां सिंगल नाम तय किए गए थे, वहां-वहां और दावेदारों के नामों को भी जोड़ दिए गए। बताते हैं कि माकन जो सूची लेकर आए थे, उसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 2-2 नाम शामिल थे। माकन समेत स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों का सवाल था कि आखिर सिंगल नामों का पैनल कैसे तैयार किया गया? और बाकी के दावेदारों को किस आधार पर किनारे लगा दिया गया?

# भारत-पाकिस्तान मैच के लिए नियमों में बदलाव, बारिश ने डाला खलल तो रिजर्व डे पर पूरा होगा मुकाबला



**स्पोर्ट्स डेस्क/नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने भारत और पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले के लिए नियमों में बदलाव किया है। अगर रविवार को होने वाले मैच में बारिश ने खलल डाला तो रिजर्व डे पर मुकाबला पूरा होगा। एशिया कप में पहले सारी नियमों में एक भी रिजर्व डे नहीं था। दोनों टीमों के बीच होने वाले मैच के लिए इस नियम को शुक्रवार (आठ सितंबर) को एसीसी ने जोड़ा है।

एशिया कप के मौजूदा संस्करण में भारत और पाकिस्तान के बीच दूसरा मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच दो सितंबर को ग्रुप राउंड में मैच खेला गया था, लेकिन वह वह बारिश के कारण रद्द हो गया था। मजेदार बात यह है कि भारत-पाकिस्तान मैच सुपर-4 में एकमात्र ऐसा मुकाबला है जिसके लिए रिजर्व डे वाला रखा गया है। सुपर-4 के किसी अन्य मैच के लिए यह सुविधा नहीं होगी। इसके अलावा 17 सितंबर को होने वाले फाइनल के लिए एक रिजर्व डे है।

### क्या है मौसम का पूर्वानुमान?

एक्यूवेदर वेबसाइट के मुताबिक, मैच के दिन बारिश की संभावना 90 फीसदी है। रात में आंधी-तूफान के भी आसार हैं। दिन के मुकाबले में रात में बारिश तेज हो सकती है। इसके आसार 96 फीसदी तक हैं। रात में बादल छाए रहने की उम्मीद 98 फीसदी है। वेदर डॉट कॉम ने भी बारिश की संभावना 90 फीसदी तक बताई है।

### कोलंबो में मैच के दौरान बारिश के आसार

भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला श्रीलंका की राजधानी कोलंबो स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है। कोलंबो में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। यहां तक कि उससे मैचों की मेजबानी वापस लेने की भी बात हो रही थी। माना जा रहा था कि मैचों को हंबनटोटा या दांबुला में शिफ्ट कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब एशिया कप के बचे सारे मुकाबले यहीं खेले जाएंगे।

### मैच रद्द होगा तो क्या होगा?

भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में मुकाबला रद्द होता है तो रिजर्व डे पर मुकाबला होगा। अगर रिजर्व डे के दिन भी नतीजा सामने नहीं आता है तो दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना होगा।

# भूंकप से दहला मोरक्को, 300 से अधिक लोगों की मौत, भारत मदद को आया आगे



**रबात (एजेंसी)।** मोरक्को में शुक्रवार देर रात आए 6.8 तीव्रता के जोरदार भूकंप के बाद लोग घबराकर अपने-अपने घर छोड़कर भाग गए। भूकंप के कारण इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। देश के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई है। रात करीब 11:11 बजे भूकंप के झटके लगे। भूकंप का केंद्र मार्राकेश से 71 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 18.5 किलोमीटर की गहराई में था। मोरक्को में आए भूकंप से अब तक 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए कुछ वीडियो एक इमारत ढहती हुई और सड़कों पर मलबा दिखाई दे रहा है। लोगों को शॉपिंग सेंटर, रेस्तरां और अपार्टमेंट से बाहर भागते और खाली पड़े इलाकों में इकट्ठा होते हुए देखा जा सकता है। लोग डरे हुए हैं और दोबारा भूकंप आने की आशंका से बाहर रह रहे हैं।

### न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह पर भी भूकंप के तेज झटके

इसके अलावा, न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह के दक्षिणी क्षेत्र में भी शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गयी। जीएफ्जेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने यह जानकारी दी है। जीएफ्जेड के अनुसार भूकंप के झटके ग्रीनविच मिड टाइस के अनुसार आज सुबह करीब 09:09 बजे महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गयी है। भूकंप का केंद्र 33.23 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 178.17 डिग्री पश्चिमी देशांतर तथा सतह से 80.3 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।



### मोरक्का की मदद के लिए भारत तैयार: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है। साथ ही उन्होंने मोरक्को को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''मोरक्को में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुख हुआ। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं मोरक्को के लोगों के साथ हैं। उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। भारत इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।''

# हुक्का पानी खुलवाने का भी रेट लिस्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज




बच्चों ने प्रेम विवाह कर लिया तो परिवार का हुक्का पानी बंद। किसी ने अंध-विश्वास और दकियानूसी परम्पराओं का विरोध किया तो उसका भी हुक्का पानी बंद। अकसर पंचायतें पहले दंड लगाती हैं और जब पीड़ित दंड की राशि नहीं दे पाता है तो उसका हुक्का पानी बंद कर दिया जाता है। यह भी एक तरह की ब्लैकमेलिंग है जिसे समाज ने स्वीकार कर लिया है। हुक्का पानी खत्म करने की भी अपनी रेट लिस्ट होती है। अपराध के आकार प्रकार के आधार पर दण्ड लगाया जाता है। एक बार हुक्का पानी बंद होने पर दण्ड की राशि बढ़ जाती है। हुक्का पानी दोबारा शुरू करवाने के लिए परिवार को या तो अपने खेत बेचने पड़ते हैं या फिर कर्ज लेकर पंचायत का पेट भरना पड़ता है। अंध श्रद्धा उन्मूलन समिति के डॉ. दिनेश मिश्रा के अनुसार यह राशि छत्तीसगढ़ में 15 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक जाती है। देश में कभी पंचों को परमेश्वर की संज्ञा दी गई थी। इन्हीं पंच और सरपंचों को त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में व्यापक अधिकार दिये गये। कालांतर में यही पंचायतें राजनैतिक दलों की नर्सरी बनकर सामने आईं। पंचायतों के पास सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के असीमित अधिकार हैं। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में पाई जाने वाली खाप पंचायतें तो काफी बदनाम हैं। देश की अधिकांश पंचायतें प्रेम संबंधों के खिलाफहैं। कहीं प्रेमी-प्रेमिका को बांध कर बेदम पीटा जाता है तो कहीं उन्हें साथ-साथ फांसी पर लटका दिया जाता है। कहीं युवती को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया जाता है तो कहीं उसके सार्वजनिक सामूहिक बलात्कार का फैसला सुना दिया जाता है। फूलन देवी भी एक ऐसी ही पीड़ित थी जिसपर गांव के रसूखदारों ने अनगिनत जुल्म ढाए। जब फूलन को कहीं से न्याय नहीं मिला तो उसने बीहड़ों में जाकर बंदूक उठा लिया। 14 फरवरी, 1981 को फूलन ने बेहमई गांव में 20 ठाकुरों को लाइन में खड़ा कर गोली मार दी। बहरहाल, यहां बात हुक्का पानी बंद करने की हो रही थी। यह एक ऐसी सजा है जो हमारी अदालतों द्वारा दी जाने वाली किसी भी सजा से ज्यादा कठोर है। इसमें परिवार का गांव में रहना मुश्किल कर दिया जाता है। न कोई उससे बोलता है, न बुलाता है। जिसका हुक्का पानी बंद हो, उसके साथ किसी भी तरह का कारोबारी संबंध या रिश्तेदारी नहीं निभाई जा सकती। पीड़ित परिवार गांव के किसी भी आयोजन में शामिल नहीं हो सकता। गांव की दुकानों से सौदा नहीं खरीद सकता। गांव के सार्वजनिक तालाब और कुओं का इस्तेमाल नहीं कर सकता। परिवार को घुट-घुट कर अकेले जीना होता है। उनके बच्चों के साथ भी बुरा बर्ताव होता है। कई बार तो उनके स्कूल जाने पर भी रोक लगा दी जाती है। यह उनसे उनके नागरिक होने का अधिकार छीन लेने जैसा है। इसलिए अब इसे चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग उठी है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....


शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers

Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# भारत में दुनिया

देश की राजधानी नई दिल्ली में जी-20 का शिखर सम्मेलन बदलते भारत के लिए एक खुशनुमा और प्रभावी समय है। पूरी दुनिया की निगाह भारत पर टिकी हुई है और भारत कूटनीति के मंच पर अपनी चमक की नई स्याही से इतिहास लिख रहा है। दुनिया के 19 देशों और एक यूरोपीय संघ के लगभग एक हजार मेहमान भारत पधारे हुए हैं। हाल के दशकों में इतना बड़ा कूटनीतिक आयोजन भारत में नहीं हुआ था। दरअसल, साल 1999 में गठित जी-20 ने भारत की भी भूमिका को बदलकर रख दिया है और भारत दुनिया पर असर डालने की स्थिति में है। अब दुनिया सबसे विशाल लोकतंत्र और सबसे विशाल आबादी से मुंह नहीं मोड़ सकती। ध्यान दीजिए, भारत आए ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि भारत की विविधता और असाधारण सफलताओं का अर्थ है। भारत सही समय पर जी-20 की अध्यक्षता के लिए सही देश है। शिखर सम्मेलन तब हो रहा है, जब दुनिया असंख्य चुनौतियों से घिरी हुई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने से लेकर जलवायु परिवर्तन से निपटने तक, दुनिया के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए हम भारत के साथ मिलकर काम करेंगे। वास्तव में भारत के साथ मिलकर काम करने की कोशिश ही दुनिया के आला नेताओं को नई दिल्ली खींच लाई है। जब नई दिल्ली में18वें जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है, तब दुनिया बड़े फैसलों का इंतजार करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विश्व के दिग्गज नेताओं की मुलाकात का सिलसिला शुरू हो चुका है। भारत मंडपम, प्रगति मैदान में शनिवार और रविवार को जी-20 की अनेक बैठक होंगी। ध्यान रहे, जी-20 का आयोजन अर्थशास्त्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, टिकाऊ ऊर्जा, अंतरराष्ट्रीय ऋण माफी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाने जैसे विषय भी एजेंडे में शामिल हैं। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, ब्रिटेन और अमेरिका के आला नेताओं को पृथ्वी को विभिन्न चुनौतियों से उबारने के लिए फैसले लेने हैं। एक आशंका यह है कि चीन व रूस के आला नेताओं के न आने की वजह से कहीं संयुक्त घोषणा अटक न जाए। यह दुखद आशंका है कि चीन इस आयोजन को ऐतिहासिक होने से रोकना चाहता है। जी-20 के नेताओं के लिए यह एक चुनौती है कि वे छोटी बाधाओं से आगे जाकर बड़े व जरूरी फैसले बेहिचक कर पाएं। नई दिल्ली में जी-20 के इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारत जमीनी स्तर पर कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। दुनिया भर से पधारे प्रतिनिधियों को बदले हुए भारत का आस्वाद कराना बहुत जरूरी है। विगत वर्षों में भारत को लेकर अनेक धारणाएं बदली हैं और जी-20 के इस आयोजन से भी भारत के प्रति दुनिया के विचार में बदलाव को बल मिलेगा। कई लोगों को ऐसे बड़े आयोजन धन की बर्बादी लगते हैं, लेकिन ऐसे ही आयोजनों से दुनिया में परस्पर सहयोग व सद्भाव की स्थितियां बनती हैं। इस आयोजन को रूस-यूक्रेन युद्ध की काली छाया से भी बचाना होगा। अगर युद्ध की समाप्ति के लिए यहां से कोई सकारात्मक राह निकल सके, तो सोने पर सुहागा हो जाएगा। जहां आर्थिक रूप से जरूरतमंद देश टकटकी लगाए हुए हैं, वहीं पृथ्वी को भी बड़ी घोषणा का इंतजार है।

> नई दिल्ली में जी-20 के इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारत जमीनी स्तर पर कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। दुनिया भर से पधारे प्रतिनिधियों को बदले हुए भारत का आस्वाद कराना बहुत जरूरी है। विगत वर्षों में भारत को लेकर अनेक धारणाएं बदली हैं और जी-20 के इस आयोजन से भी भारत के प्रति दुनिया के विचार में बदलाव को बल मिलेगा।

## मुद्दा नाम परिवर्तन नहीं है

द्रौपदी मुर्मू और नरेंद्र मोदी ने अगर आधिकारिक रूप से खुद को क्रमश: भारत की राष्ट्रपति और भारत का प्रधानमंत्री कहलाना शुरू किया है, तो उसमें कोई असंवैधानिक बात नहीं है। भारतीय संविधान के मुताबिक इस देश के नाम के रूप में भारत और इंडिया दोनों या दोनों में से किसी एक शब्द का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर संविधान संशोधन कर आधिकारिक रूप से नाम बदलने की कोशिश की जाती है, तो उसमें कोई असाधारण बात नहीं होगी। विभिन्न देशों ने अपना नाम बदला है, जिनमें सबसे ताजा उदाहरण टर्की के तुर्किये बन जाने का है। अपने देश में भी शहरों और राज्यों तक के नाम बदलने की परंपरा रही है। अभी हाल में केरल ने अपना नाम केरलम कर लिया। इसके पहले बंबई, मद्रास, बैंगलोर क्रमश: मुंबई, चेन्नई और बंगलुरू हो ही चुके हैं। यहां सिर्फ उन नाम परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें राजनीतिक एवं सार्वजनिक आम सहमति से किया गया। अनेक नाम परिवर्तन ऐसे भी हुए हैं, जिन पर ऐसी सहमति बनाने की कोशिश नहीं की गई और इसलिए यह आरोप रहा है कि उन्हें ध्रुवीकरण की सियासत के हिस्से के रूप में अंजाम दिया गया। और यही पहलू देश के नाम के बारे में उठे विवाद का भी प्रमुख कारण है।

अगर वर्तमान केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती है, तो उसका सही तरीका पहले इस सवाल पर राष्ट्रीय बहस कराना और अधिकतम सहमति बनाना होना चाहिए। संविधान सभा ने अगर इंडिया और भारत दोनों नामों को अपनाया, तो इसका कारण वहां एक नाम पर सहमति ना बन पाना था। अब 75 साल बाद संभवत: ऐसा होने की संभावना अधिक मजबूत होगी। मगर समस्या यह है कि सहमति और संवाद के साथ आगे बढ़ना मौजूदा सरकार की शैली का हिस्सा नहीं है। बल्कि इस आरोप में दम है कि हर काम को वह सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है। अपेक्षित यह है कि सरकार लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप संवाद के साथ ही ऐसी कोई पहल करे।

## एफआरआई तो जवाब नहीं

एडिटर्स गिल्ड की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो राज्य सरकार उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन वह इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही मुकदमा दायर कर दिया है। एडिटर्स गिल्ड की रिपोर्ट पर मणिपुर सरकार ने जो रुख अपनाया, उससे यह संदेश गया है कि भारत में अब सवाल पूछना अपराध हो गया है। वरना, अगर राज्य सरकार को यह लगता है कि गिल्ड की तरफ से मणिपुर गई पत्रकारों की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो वह उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन मणिपुर सरकार इस रिपोर्ट से इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही पुलिस केस दायर कर दिया है। एडिटर्स गिल्ड की यह तीन सदस्यीय समिति ने सात से 10 अगस्त तक मणिपुर का दौरा किया था। वहां जांच समिति के सदस्य कई पत्रकारों, सिविल सोसाइटी कार्यकर्ताओं, हिंसा प्रभावित व्यक्तियों, आदिवासी प्रवक्ताओं और सुरक्षाबलों के प्रतिनिधियों से मिले। उसके आधार पर उन्होंने अपनी रिपोर्ट तैयार की। समिति ने दो सितंबर को अपनी रिपोर्ट जारी की। उसमें कहा गया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान राज्य के पत्रकारों ने एक-पक्षीय रिपोर्टें लिखीं, जिनमें लिखी गई बातों की संबंधित संपादकों ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों से बात कर पुष्टि नहीं की। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हिंसा के माहौल में संभव है कि संपादकों के लिए ऐसा करना संभव नहीं हुआ होगा। इसके अलावा इंटरनेट पर लगे बैन की वजह से हालात बदतर हो गए थे।

> महत्वपूर्ण रूप से, खाद्य उत्पादन में लचीलापन बनाने का तात्पर्य पानी, मिट्टी और ऊर्जा सहित संसाधनों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देना है। कृषि में सटीक सिंचाई, मृदा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को विशेष रूप से छोटे किसानों के लिए सुलभ बनाना महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए किसानों को सशक्त बनाने हेतु कीटों, बीमारियों, सूखा, बाढ़ और लवणता का सामना करने में सक्षम जलवायु-सहिष्णु फसल किस्मों का विकास करना आवश्यक है।

# भारत की अध्यक्षता में जी 20 कृषि कार्य समूह का सतत कृषि द्वारा खाद्य सुरक्षा व जलवायु सहिष्णुता को बढ़ावा देने पर जोर



नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में, भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 की बैठकों में हुए विचार-मंथन की देश-दुनिया में चहुं ओर चर्चा है। जी20 का एक महत्वपूर्ण समूह कृषि कार्य से संबंधित है, जिसकी पिछले महीनों में भारत के अलग-अलग शहरों में बैठकें हुई, जिनमें सतत् कृषि के माध्यम से खाद्य सुरक्षा एवं जलवायु सहिष्णुता को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है। बैठकों के दौरान यह एक प्रमुख विषय रहा है, जिसका सारी दुनिया से वास्ता है।

हरित क्रांति के युग के बाद हाल के दशकों में, हम स्वयं को एक जलवायु परिवर्तन की चुनौतीपूर्ण दुनिया में पाते हैं, जहां एक विश्वसनीय और सतत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देना तत्काल आवश्यक है। आईएफपीआरआई की 2022 वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि जलवायु हस्तक्षेप के बिना वर्ष 2030 तक वैश्विक अनाज उत्पादन 2,746 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा, जो जलवायु परिवर्तन के साथ संभावित रूप से घटकर 2,621 मिलियन मीट्रिक टन रह सकता है। खाद्य और ईंधन संकट के दौरान वर्ष 2009 के जी20 शिखर सम्मेलन से उभरने वाली सतत कृषि, एक व्यापक उपागम तक परिपक्व हो गई है। जलवायु-स्मार्ट कृषि, खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल ढलने में सहायता करने के लिए कार्यनीतियों को एकीकृत करती है।

महत्वपूर्ण रूप से, खाद्य उत्पादन में लचीलापन बनाने का तात्पर्य पानी, मिट्टी और ऊर्जा सहित संसाधनों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देना है। कृषि में सटीक सिंचाई, मृदा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को विशेष रूप से छोटे किसानों के लिए सुलभ बनाना महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए किसानों को सशक्त बनाने हेतु कीटों, बीमारियों, सूखा, बाढ़ और लवणता का सामना करने में सक्षम जलवायु-सहिष्णु फसल किस्मों का विकास करना आवश्यक है।

संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए डिज़ाइन की गई विभिन्न कृषि प्रणालियों में एकीकृत कृषि प्रणालियां शामिल हैं, जो संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करती हैं और बाहरी इनपुट पर निर्भरता को कम करती हैं। पुनर्योजी कृषि, संरक्षण कृषि, कृषि-वानिकी और सिल्वी-चरागाह जैसी



परिपाटियों को शामिल करते हुए, प्राकृतिक प्रणालियों के साथ खेती का सामंजस्य स्थापित करती है, जलवायु परिवर्तन के प्रति स्थिरता और अनुकूलता बढ़ाती है। इस वर्ष भारत की जी20 अध्यक्षता ने जलवायु-स्मार्ट दृष्टिकोण के साथ सतत कृषि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। जी20 सदस्य और आमंत्रित देशों के बीच चर्चा का एक प्रमुख क्षेत्र हरित और जलवायु-सहिष्णु कृषि का समर्थन करने के लिए वित्तपोषण तंत्र के साथ-साथ सतत कृषि उत्पादन के लिए जलवायु-सहिष्णु प्रौद्योगिकियों और कृषि मॉडल को बढ़ावा देना था।

जी20 देशों ने क्षेत्रीय, राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर पर सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए अच्छी कृषि पद्धतियों, विज्ञान और साक्ष्य-आधारित नवाचारों के उपयोग और अनुकूलन के महत्व पर जोर दिया है। जी20 देशों ने जलवायु परिवर्तन की स्थितियों का सामना करने के लिए जलवायु-लचीली प्रौद्योगिकियों, प्रकृति-आधारित समाधानों और पारिस्थितिकी तंत्र-आधारित उपागमों पर सहयोग करने का भी वादा किया है। इसके अलावा, कृषि कार्य समूह की बैठकों के परिणामों का उद्देश्य सतत कृषि का समर्थन करने के लिए पारंपरिक और स्थानीय ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा देना, टिकाऊ पोषक तत्व और मिट्टी प्रबंधन के प्रति उनके समर्पण को दोहराना और एक एकीकृत उपागम का पक्ष लेना है, जो अनेक क्षेत्रों तक विस्तृत हों। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदृष्टा है, उनके नेतृत्व में भारत सरकार देश में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में अल्पकालिक अस्थायी राहत और दीर्घकालिक विकास कार्यों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है। सतत कृषि की अपनी तलाश में, हम जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों, सटीक कृषि और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। कृषि में आपदा और जलवायु सहिष्णुता के लिए भारत सरकार ने अनेक कार्यक्रम कार्यान्वित किए हैं।

इनमें, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य बाहर से खरीदे गए इनपुट, लागत और कटौती से मुक्ति के लिए खेती की वैकल्पिक प्रणाली को बढ़ावा देना है। इसी प्रकार, परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक उत्पादों के विपणन के लिए राज्य द्वारा विभिन्न ब्रांड विकसित किए गए हैं। समावेशिता की भावना के साथ, उत्पादकों को उपभोक्ताओं से जोड़ने और भारत के दुर्गम इलाकों में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के विकास का समर्थन करने के लिए वस्तु-विशिष्ट, केंद्रित, प्रमाणित जैविक उत्पादन समूहों को विकसित करने के लिए मिशन लागू किए गए हैं। हमने 1752 जलवायु-अनुकूल फसल किस्मों का विकास किया है और देशभर में प्रत्येक जिले में एक प्रतिनिधि गांव लेकर 151 संवेदनशील जिलों में जलवायु-अनुकूल गांवों की स्थापना की है।

किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध भारत सरकार की अनेक योजनाएं हैं, जिनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी एक महत्वपूर्ण स्कीम है। इस योजना के अंतर्गत बीमित किसानों को, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में फसलों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाती है, यानी यह योजना किसानों के लिए एक प्रमुख सुरक्षा कवच है।

निष्कर्षत: खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने की आवश्यकता भविष्य के लिए अनुकूल और सुरक्षित खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करने में सतत कृषि और जलवायु-स्मार्ट परिपाटियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। हम उम्मीद करते हैं कि जी20 के मंच के माध्यम से सामने आया मंथन किसानों की भलाई के लिए हरसंभव उपाय सुनिश्चित करेगा।

# यह देश जिसे विदेश में इंडिया कहा जाता है

सेठ गोविंद दास, संविधान सभा सदस्य

सभापति जी, मैं पांच मिनट से अधिक समय नहीं लूंगा और वह भी इसलिए कि आज हमारे देश के नामकरण के समय जिस प्रकार के वायुमंडल की हमारी विधान परिषद में आवश्यकता थी, मैं देखता हूं कि उस प्रकार का वायुमंडल, जो भाषण अभी तक हुए हैं, उनके चलते नहीं रह गया है। नामकरण हमारे देश में एक बड़े महत्व की चीज मानी जाती थी और आज भी मानी जाती है। हम सदा इस बात की कोशिश करते हैं कि नामकरण शुभ मुहूर्त में हो और जो नाम हम रखें, वह सुंदर से सुंदर हो। मुझे यह देखकर बड़ा हर्ष होता है कि हमारे देश का जो प्राचीनतम नाम है, वह हम रख रहे हैं, परंतु वह जिस सुंदर तरीके से रखा जाना चाहिए था, डॉक्टर आंबेडकर साहब मुझे क्षमा करेंगे, उस तरह से नहीं रखा जा रहा है। 'इंडिया दैट इज भारत' बहुत सुंदर तरीका नाम रखने का नहीं है। हमें नाम रखना चाहिये था 'भारत, जिसे विदेश में इंडिया भी कहा जाता है', यह ठीक नाम होता। जो कुछ हो, कम से कम एक बात से हमें संतोष कर लेना चाहिए कि भारत नाम आज हम अपने देश का रख रहे हैं। मैंने सबसे पहले इस विधान परिषद में इन दो प्रश्नों को उठाया था कि हमारे देश की भाषा क्या हो और हमारे देश का क्या नाम हो? भाषा के विषय को हम हल कर चुके और आज हम अपने देश का नाम भी रख रहे हैं, इसलिए यह दिन मुझे अत्यंत महत्व का दिन मालूम होता है।...

कुछ लोगों को यह भ्रम हो गया है कि इंडिया इस देश का सबसे पुराना नाम है। हमारे सबसे प्राचीन ग्रंथ वेद हैं और अब तो यह माना जाने लगा है कि वेद संसार के सबसे पुराने ग्रंथ हैं। वेदों में इंडिया नाम का कोई उल्लेख नहीं मिलता। ऋग्वेद में ईडयम इडू और ईडेन्य: ये शब्द आए हैं। यजुर्वेद में 'इडा' शब्द आया है, परंतु इनका इंडिया से कोई संबंध नहीं है।

...कुछ व्यक्तियों से यह सुना जाता है और इस घोषणा में एक पर्चा भी निकला है, जिसमें यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया



गया है कि इंडिया भारत से भी पुराना नाम है। मैं चाहता हूं कि यह बात रिकॉर्ड में रहे कि यह गलत है। 'ईडयन और ईडे' का अर्थ अग्नि है। 'ईडेन्य:' का प्रयोग अग्नि के विशेषण के रूप में हुआ है और ईडा वाणी का वाचक है। ...इंडिया शब्द हमारे किसी प्राचीन ग्रंथ में न होकर उस समय से प्रयोग में आने लगा, जब से यूनानी भारत में आए। यूनानियों ने हमारी सिंध नदी का नाम इंडस रखा और इंडस कहने के साथ इंडिया शब्द आया। यह बात एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में भी लिखी है। उसके विपरीत यदि हम देखें, तो हमको मालूम होता है कि वेदों, उपनिषदों तथा ब्राह्मण ग्रंथों के पश्चात हमारा सबसे प्राचीन और महान ग्रंथ महाभारत है, उसमें हमको भारत का नाम मिलता है, अथते कीर्ति पुष्यामि वर्ष भारत भारत- भीष्म पर्व। इसी तरह, विष्णु पुराण में भी हमें भारत नाम मिलता है। वह इस प्रकार है- गायन्ति: देवा किल गीत कानि, धन्यास्तु ने भारत भूमि भागे। ब्राह्मण्ड पुराण में भी हमें इस देश का नाम भारत ही मिलता है भरणाच्च प्रजानावै मनुर्भरत उच्यते। निरुक्त वचनाचैव वर्ष तद्भारत स्मृतं। चीनी यात्री इत्सिंग जब भारत आया, तो उसने भी अपनी यात्रा के वृत्तांत में इस देश का नाम भारत ही लिखा था।

जब मैं इस प्रकार से प्राचीन बातों का स्मरण दिला रहा हूं, तो यह न समझा जाए कि हमारे प्रधानमंत्री के शब्दों में या हमारे अन्य माननीय सदस्यों के कथनानुसार मैं पीछे की ओर ही देखना चाहता हूं, मैं आगे देखना चाहता हूं और चाहता हूं कि नए से नए वैज्ञानिक आविष्कार इस देश में हों, पर इसका यह मतलब नहीं कि यदि हम अपने देश का नाम भारत रखेंगे, तो हम कोई ऐसी बात करेंगे, जो हमें आगे जाने से रोकेगी। जहां तक नाम का संबंध है, वहां तक हमें अपने इतिहास और संस्कृति के अनुरूप ही अपने देश का नाम रखना चाहिए। यह बड़े हर्ष की बात है कि आज हम अपने देश का नाम भारत रख रहे हैं। ...हमने जो युद्ध महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़ा, उसे भी हमने भारत माता की जय के जयघोष के साथ लड़ा था। हर्ष की बात है कि आज हम एक ऐसी बात करने जा रहे हैं, जो ठीक बात है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि वह हम सुंदर तरीके से नहीं कर रहे हैं, परंतु जिस तरीके से भी कर रहे हैं, वह हमको भारत नाम किसी न किसी रूप में देने वाली है। मुझे विश्वास है कि जब हमारा विधान हमारी राष्ट्रभाषा में बनेगा, उस समय भारत नाम सही स्थान प्राप्त करेगा।

**( संविधान सभा में दिए गए भाषण के अंश )**


# कुछ भद्दा सा है इंडिया अर्थात भारत कहना

हरि विष्णु कामथ, संविधान सभा सदस्य

मैं प्रस्ताव पेश करता हूं। ...भारत अथवा अंग्रेजी भाषा में इंडिया राज्यों का संघ होगा अथवा विकल्पत: हिंद अथवा अंग्रेजी में इंडिया राज्यों का संघ होगा।...

संसार के अधिकांश व्यक्तियों में यह प्रथा है कि नवजात का नामकरण संस्कार अथवा नाम रखने का उत्सव मनाया जाए। गणराज्य के रूप में भारत का शीघ्र ही जन्म होने वाला है। अत: समाज के कई वर्गों में, लगभग सभी वर्गों में यह आंदोलन हो रहा है कि इस नए गणराज्य के जन्म पर नामकरण संस्कार भी होना चाहिए। इस प्रकार के कई सुझाव दिए गए हैं कि भारतीय गणराज्य के इस नवजात शिशु का समुचित नाम क्या हो, मुख्य चुनाव ये हैं- भारत, हिन्दुस्तान, हिंद, भरतभूमि, भारतवर्ष तथा अन्य इसी प्रकार के नाम। इस समय यह वांछनीय होगा, और शायद लाभदायक भी हो, कि इस विषय को ले लिया जाए कि भारतीय गणराज्य के रूप में नवजात शिशु के जन्म पर कौन सा नाम सबसे अधिक उपयुक्त होगा। कुछ लोग कहते हैं कि शिशु का नाम क्यों रखा जाए? इंडिया पर्याप्त है। ठीक है। यदि नामकरण संस्कार की आवश्यकता न होती, तो इंडिया को ही बनाए रखते, पर जब हम यह मान चुके हैं कि इस शिशु का कोई नया नाम होना चाहिए, तो यह प्रश्न उठता है कि इसका क्या नाम रखा जाए?

जो लोग भारत, भरतभूमि या भारतवर्ष के पक्ष में हैं, उन लोगों का तर्क इस तथ्य पर आश्रित है कि इस देश का यह बहुत ही प्राचीन नाम है। इतिहास लेखकों और भाषा वैज्ञानिकों ने इस देश के नाम के विषय में, विशेषकर भारत नाम की व्युत्पत्ति पर गहन विचार किया है, परंतु भारत नाम किस प्रकार पड़ा, इस पर सब एकमत नहीं हैं। कुछ लोग इसका संबंध दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र से जोड़ते हैं, जो सर्वदमन अर्थात सर्वविजयी के नाम से भी प्रसिद्ध था और जिसने इस प्राचीन देश में अपना आधिपत्य तथा राज्य स्थापित किया। उनके नाम पर यह देश भारत नाम



से विख्यात हुआ। ...डॉक्टर आंबेडकर ने इंडिया अर्थात भारत कहा है। मैंने उसे दूसरे रूप में रखा है। वह भाषा, पद तथा वाक्य रचना के संबंध का है। ... यहां मैं केवल आयरलैंड के संविधान की ओर निर्देश करना चाहता हूं, जिसको बारह वर्ष पूर्व स्वीकार किया गया था। इस अनुच्छेद के खण्ड (1) में वाक्य की जो रचना प्रस्थापित की गई है, इससे उसमें भिन्न रचना है। मैं समझता हूं कि इंडिया अर्थात भारत पद का अर्थ 'इंडिया जिसको भारत कहा जाता है' है। मैं समझता हूं कि संविधान में यह कुछ भद्दा सा है। यदि इस पद का एक अधिक सांविधानिक मान्य रूप में- और मैं तो यह कहूंगा कि एक अधिक कलात्मक तथा निश्चय ही अधिक सही रूप में रूप-भेद कर दिया जाए, तो अधिक अच्छा होगा।

इस सभा में उपस्थित मेरे माननीय मित्र यदि 1937 में पारित किए गए आयरलैंड के संविधान को देखने का कष्ट करें, तो उनको यह विदित हो जाएगा कि आयरलैंड का स्वतंत्र राज्य आधुनिक संसार के उन कुछ देशों में से है, जिन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के पश्चात अपने नाम बदले और उसके संविधान का चतुर्थ अनुच्छेद उनके देश के नाम परिवर्तन के संबंध में है। आयरलैंड स्वतंत्र राज्य के संविधान का वह अनुच्छेद इस प्रकार है- राज्य का नाम एयर अथवा अंग्रेजी भाषा में आयरलैंड है।... मैं समझता हूं कि भारत अथवा अंग्रेजी भाषा में इंडिया इत्यादि, अधिक सुंदर पद है। अंग्रेजी भाषा मैंने विशेषकर कहा है। क्यों? इस कारण कि सदस्य शायद मुझसे पूछें कि आप अंग्रेजी भाषा क्यों कहते हैं? क्या सब यूरोप की भाषाओं में ऐसा नहीं है? जी नहीं, ऐसा नहीं है। जर्मन शब्द इंडियेन है और यूरोप के कई भागों में इस देश का उल्लेख प्राचीन काल के अनुसार हिन्दुस्तान के रूप में किया जाता है, और इस देश के सभी निवासियों को, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो, हिंदू कहा जाता है। यूरोप के कई भागों में यह बहुत प्रचलित है। यह शब्द सिंधु नदी से लिया गया है और प्राचीन नाम हिंदू के रूप में चला आया है।

संक्षेप में मैं समझता हूं कि इंडिया अर्थात भारत एक भद्दी पदावली है। मैं नहीं समझ पाता हूं कि मसौदा समिति ने ऐसी रचना क्यों की है और एक ऐसी भूल की है, जो मुझे एक सांविधानिक भूल दिखाई देती है। डॉक्टर आंबेडकर पहले अपनी कई भूलें स्वीकार कर चुके हैं और मैं आशा करता हूं कि इस भूल को भी वह स्वीकार करेंगे और इस खंड की रचना का पुनरीक्षण करेंगे।

**( संविधान सभा में दिए गए भाषण के अंश )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair

DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### जिले के युवाओं के लिए 11 को जॉब फेयर

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, द्वारा 11 सितम्बर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, में जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। इस जॉब फेयर के माध्यम से मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिए ई.डी.पी. सर्विसेस, गुरुग्राम (हरियाणा) द्वारा ट्रेनी सुपरवाईजर के 180 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए योग्यता न्यूनतम 10वीं पास (50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण) हैं। आयु सीमा 18 से 20 वर्ष के मध्य निर्धारित की गई है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक श्री ए.ओ. लॉरी ने बताया कि चयनित आवेदकों को प्रशिक्षण अवधि के प्रथम माह से ही 15 हजार रूपये तथा 13 सौ रूपये ( कुल 16 हजार पांच सौ रूपये) एवं अन्य सुविधाएं (नि:शुल्क भोजन व्यवस्था) के साथ-साथ एन.सी.व्ही.टी. (आई0टी0आई0) का सर्टिफिक्ेट भी प्राप्त होंगा। श्री लॉरी ने बताया कि मारुति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड के गुरुग्राम (हरियाणा) के प्लांट में कार्य करने के इच्छुक योग्य आवेदक अपने साथ 10वीं के अंकसूची / आधार कार्ड की दो-दो प्रतियों के साथ जॉब फेयर हेतु निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होंए। छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने विशेष प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने एवं स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### गांव के हर घर में पोषण बाड़ी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की परिकल्पना साकार होने लगी है। जिला बीजापुर अंतर्गत एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना बीजापुर सेक्टर के नयापारा नैमेड़ गांव के हर घर में पोषण बाड़ी बनाई तो केंद्र के सभी बच्चे कुपोषण से बाहर हुए। गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में हरी साग सब्जियां लगाकर पोषण बाड़ी तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुपोषण को दूर करने के लिए हर घर में पोषण बाड़ी बनाने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे है। इसका साकारात्क परिणाम भी देखने को मिल रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति पटेल द्वारा पोषण बाड़ी की हरी साग सब्जी को गर्म भोजन बच्चों और महिलाओं को खिला रही है। ज्योति पटेल अपने सेक्टर सुपरवाईजर के साथ प्रत्येक हितग्राहियों के घर गृहभेंट करके पोषण बाड़ी बनाने और खान पान में हरी साग सब्जियों को शामिल करने प्रेरित भी करती है। आज बीजापुर के दूरस्थ अंचल गांव नैमेड़ नयापारा में प्रत्येक हितग्राही के घर में पोषण बाड़ी बनी हुई है। और नियमित अपने भोजन में हरी साग-सब्जियों का सेवन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत मिलने वाले अंडा, मिलेट, चिक्की और दलिया का भी उपयोग कर रहे हैं। वर्तमान में एक भी कुपोषित बच्चे नहीं हैं। गांव को कुपोषण से मुक्त करने में आंगनबाड़ी सहायिका रामदुलारी का विशेष सहयोग रहता है। अपने दिनचर्या में प्रतिदिन संतुलित आहार का सेवन करने से दिनभर शरीर और मन में ताजगी बनी रहती है। संतुलित आहार आपकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है। फ्ल-फूल, दूध-दही को शामिल करना चाहिए इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा खनिज आदि प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक आहार मिले इसके लिए घर घर में पोषण बाड़ी तैयार करवाई जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में बीते पांच साल में हुआ अभूतपूर्व विकास-मल्लिकार्जुन खड़गे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** सात लाख लोगों को देंगे पक्की छतसामाजिक आर्थिक सर्वे में मकान विहीन 47 हजार नए हितग्राही भी मिले, उन्हें भी देंगे पक्का मकान- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सम्मेलन में 355.23 करोड़ रुपए के 1867 विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन, 3 करोड़ 25 लाख रुपए की सामग्री भी वितरित सम्मेलन में 355.23 करोड़ रुपए के 1867 विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन, 3 करोड़ 25 लाख रुपए की सामग्री भी वितरित राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री मल्लिकार्जुन राजनांदगांव के ग्राम ठेकवा में 'भरोसे का सम्मेलन'



छत्तीसगढ़ में बीते पांच सालों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। नीति आयोग की रिपोर्ट देखें तो बीते पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। हमारी सरकार ने जनता से जो भी वायदे किये, उन्हें सरकार ने पूरा किया। यह बात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजनांदगांव के ग्राम ठेकवा में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में कही। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने की। इस दौरान 355 करोड़ 23 लाख रुपए के 1867 विकास कार्यों के लोकार्पण भूमिपूजन की सौगात राजनांदगांव के निवासियों को दी। साथ ही 3 करोड़ 25 लाख की सामग्री भी वितरित की गई।

इस मौके पर श्री खड़गे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार दलितों की, गरीबों की, पिछड़ों की और किसानों की सरकार है। गांधी जी यह कहते थे कि मैं ऐसे भारत का निर्माण करना चाहता हूँ जहाँ गरीब से गरीब आदमी भी महसूस करे कि यह देश उसका है। इसी भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में कार्य किया गया। एक जमाना था जब बहुत कम धान किसानों से खरीदा जाता था। इस साल एक लाख सात हजार मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। 19 लाख किसानों का ऋण माफ कर दिया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को फसल का उचित मूल्य मिला। इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ किये गये। लघु वनोपज हम लोग खरीद रहे हैं। आदिवासी भाईबहनों को वनाधिकार दिया गया। श्री खड़गे ने कहा कि हमने बेरोजगारी भत्ता बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया। केंद्र सरकार ने भी छत्तीसगढ़ के मिलेट मिशन की बहुत तारीफ की।

श्री खड़गे ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में आजाद भारत को गढ़ने का कार्य शुरू हुआ। बड़े बड़े उद्योग आये, छत्तीसगढ़ में भी उद्योग खुले। लाखों लोगों को रोजगार मिला। यहां पावर प्लांट खुले, स्टील प्लांट खुले। देश के औद्योगिक विकास की नींव रखी गई। श्री खड़गे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि सांप्रदायिक सद्भाव की भूमि है। लोग बहुत सरल सहज हैं। उन्होंने राजनांदगांव की विभूतियों का भी इस अवसर पर स्मरण किया। उन्होंने महंत घासीदास, ठाकुर प्यारेलाल और श्री किशोरीलाल शुक्ल जी का स्मरण किया। उन्होंने दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी श्री कन्हैयालाल का भी नमन किया। साथ ही गुरु घासीदास और शहीद वीरनारायण सिंह का भी नमन किया। श्री खड़गे ने कहा कि अभी मैं जांजगीर जिले में भरोसे का सम्मेलन में गया था। वहां मिनी माता के नाम से मेडिकल कालेज का नामकरण किया गया है। यहां शीघ्र ही मेडिकल कालेज आरंभ होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह मुक्तिबोध की धरती है। हमारे लोक-कलाकारों की धरती है। संस्कारधानी से निकले कलाकारों को नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सबको खाद्य सुरक्षा देने का कार्य किया। सबका राशन कार्ड बन रहा है। हम किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान भी खरीदने वाले हैं।

कोरोना महामारी के बावजूद हमने किसानों से धान की खरीदी जारी रखी। हम हमेशा किसान, मजदूर के हित में काम करते हैं। हम दो रुपए में गोबर खरीदते हैं। आज गौपालक हो, किसान हो, बेरोजगार साथी हो, हम विभिन्न योजनाओं से सबके खाते में पैसे डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आम जनता को ताकतवर बनाने का काम करते हैं। हमने फैसला किया है कि सात लाख लोगों को पक्की छत देना है। हमने अभी जो सामाजिक आर्थिक सर्वे कराया है उसमें 47 हजार लोग ऐसे मिले हैं जिन्हें मकान चाहिए, उन्हें हम मकान दिलाएंगे।

शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने के लिए काम किया है। 30 हजार शिक्षकों की भर्ती की है। पुरानी पेंशन स्कीम पुन: आरंभ की है। कोटवारों, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम, बस्तर सांसद दीपक बैज ने भी संबोधित किया।

## ट्रांसपोर्ट चेम्बर ने अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को परिवहन फिटनेस संबंधी समस्याओं को अवगत कराया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा आटोमोटिव फिटनेस सेंटर खोले जाने के पश्चात वाहनों की फिटनेस करने में ट्रक व ट्रेलर यूनियनों द्वारा लगातार आ रही शिकायतों को मध्य नजर रखते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ट्रांसपोर्ट चेम्बर ने ट्रक व ट्रेलर यूनियनों के पदाधिकारी के साथ एक टीम का गठन किया व टीम द्वारा औचक ऑटोमोटिव फिटनेस सेंटर जाकर ट्रक मालिकों व ट्रक ड्राइवर को हो रही परेशानियां के बारे में समझा। उसके पश्चात सभी परेशानियों व विसंगतियों को विस्तृत रूप से अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया। जिनमें से प्रमुख शिकायतें स्पीडोमीटर जांच, वायु प्रदूषण जांच, हॉर्न जांच, बढ़ी हुई फिटनेस की फीस एवं प्रमुख मांग सलोट अलॉटमेंट को लेकर थी।

परिवहन अधिकारी कीर्ति मानसिंह राठौर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर के अधिकारी को बुलाकर तत्काल आ रही परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए व आश्वस्त किया की भविष्य में दोबारा यह समस्याएं नहीं होगी। कुछ शिकायतों का समाधान प्रशासन से विचार-विमर्श करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ट्रांसपोर्ट चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष अमरीक सिंह, प्रदेश महामंत्री नवीन शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मनीराम वर्मा, समीर गोयल, जगदीश मित्तल, छत्तीसगढ़ ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह, ट्रक और ट्रेलर यूनियन के अध्यक्ष विक्की वालिया, विनीत तिवारी,सुरेंद्र पाल सिंह सैनी ,मनमोहन सिंह गिल, हैप्पी बाजवा, निर्वर सिंह,कुलदीप सिंह, गुरदेव सिंह,जगतार सिंह,सुरजीत सिंह गोविंद सिंह राजा खैरा,विक्की खैरा, रामकुमार एवं अन्य समस्त पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## सप्तदेव मंदिर में जन्माष्मी उत्सव मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कोरबा अंचल के मुख्य मार्ग में स्थापित श्री सप्तदेव मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। यहाँ कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे मुख्य रूप से राधा.कृष्ण की जोड़ी में नृत्य का आयोजन बच्चो के लिये किया गया। इस आयोजन को कई वर्गों में बाटा गया।

इसके अंतर्गत 5 से 10 आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में आर्या मित्तल पिता विनोद मित्तल के साथ मान्या मित्तल पिता राजेश मित्तल की जोड़ी ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुती देकर प्रथम स्थान हासिल किया तो वही अर्पिता मित्तल पिता विमल मित्तल के साथ मंसा अग्रवाल पिता सौरभ अग्रवाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में झूला झूलते लड्डू गोपाल की झांकीए कृष्ण लीलाओं से संबंधित आकर्षक मनमोहक झांकियां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करती रही। कोरबा अंचल में प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर्व के लिए सप्तदेव मंदिर में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लगी रहती है। इस वर्ष बारिश होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोग मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण दर्शन के लिए पहुंचे जहा मंदिर परिसर में आकर्षक झांकी का निर्माण किया गया था। इन झांकियों में कृष्ण को मथुरा से वृंदावन ले जाते हुए वासुदेवए कारागृह में भगवान का दिव्य दर्शनए कालिया नाग का दमनए गोपियों के साथ रासलीलाए पुतना वधए माखन चोरी जैसे विविध लीलाओं को दर्शाया गया था। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि मंदिर परिसर में श्याम भजन का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने कृष्ण भक्ति मे लीन होकर झूमे वही कृष्ण जन्म होने पर भव्य आतिशबाजी कि गयी। श्री मोदी ने इस भक्तिमय आयोजन को सफल बनाने के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

## रायगढ़ के होनहारों ने बढ़ाया जिले का मान, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने किया सम्मान, परिजनों को भी किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। पीएससी 2023 के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। इस बार पीएससी की टॉपर रायगढ़ से है। इसके साथ ही दूसरे अभ्यर्थियों ने भी पीएससी में अच्छी रैंक लाकर शासकीय सेवा के लिए चयनित हुए हैं। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और सफल शासकीय सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।



शहर की बेटी सारिका मित्तल ने पीएससी में फर्स्ट रैंक लाकर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने उनके साथ उनके माता-पिता अशोक मित्तल और श्रीमती राधा मित्तल को भी सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार शहर के तुषार मानिक जिन्होंने 141 रैंक हासिल किया है और नायब तहसीलदार का पद प्राप्त किया है। वे अपने माता-पिता एस.डी.मानिक और श्रीमती शांति मानिक के साथ पहुंचे थे। वहीं 430 वां रैंक लाकर अधीनस्थ लेखा सेवा के लिए चयनित हुई अल्फिना खान अपनी माता जी रुखसाना खान के साथ पहुंची थी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी चयनित युवाओं और उनके पालकों को उनकी इस गर्वीली सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर सभी सफल अभ्यर्थियों से उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं तैयारी के संबंध में जानकारी ली। सारिका मित्तल ने बताया कि उन्होंने दिल्ली से ग्रेजुएशन किया है।

वहां रहकर वे यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। यह सीजीपीएससी में पहला अटेम्पट था और अपने पहले ही प्रयास में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन होना एक सुखद अनुभूति है। उन्होंने बताया कि वे आगे अपनी यूपीएससी की तैयारी जारी रखेंगी। नायब तहसीलदार के पद पर चयनित श्री तुषार मानिक ने कहा कि पहली बार उन्होंने मेन्स और इंटरव्यू दिया है जिसमें उन्हें सफलता मिली और वे शासकीय सेवा के लिए सलेक्ट हुए। उन्होंने भी आगे तैयारी जारी रखने की बात कही। 430 वां रैंक लाने वाली अल्फिना खान ने बताया कि उन्होंने बिलासपुर से कोचिंग लेकर तैयारी की है। इसके बाद वे घर पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। उन्होंने कहा कि आगे वे पुन: परीक्षा में शामिल होकर उच्च पद पर चयनित होने का प्रयास करेंगी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि किसी परीक्षार्थी के सफल होने में उनकी मेहनत के साथ-साथ पूरे परिवार का योगदान होता है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी को आगे सफल शासकीय सेवा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पत्रकार नरेश शर्मा ने टॉपर सुश्री सारिका मित्तल को स्व.ममता शर्मा की स्मृति में चांदी का सिक्का भेंट किया।

एक साथ लगभग 1500 योग साधकों द्वारा सेतुबंध आसन का होगा प्रदर्शन

## राजधानी में बनेगा योग का वर्ल्ड रिकॉर्ड : छत्तीसगढ़ योग आयोग का सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम 10 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 1500 लोगों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्थान दर्ज कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ योग आयोग पहले भी गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्थान बना चुका है।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। योग आयोग के अध्यक्ष श्री



ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में आधे घंटे तक सेतुबंध आसन के साथ-साथ अन्य आसनों, प्राणायामो तथा ध्यान का अभ्यास भी कराया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिकगण भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा सभी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर भारत की प्राचीन विद्या 'योग' के रिकॉर्ड प्रदर्शन में शामिल होने का आव्हान किया है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के प्रतिभागी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिनके द्वारा 9 सितंबर को सुबह 9 बजे से योगासानों का पूर्व अभ्यास किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ योग आयोग का मूल उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली और निरोग जीवन जीने के लिए योग से परिचित कराना है। छत्तीसगढ़ योग आयोग देश का प्रथम योग आयोग है, जो अपने गठन के पश्चात लगातार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक कर रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के विभिन्न शहरों के गार्डनों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों एवं कॉलेजो में नि:शुल्क योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में अब तक 819.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 819.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 08 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1390.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 365.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 690.2 मिमी, बलरामपुर में 753.8 मिमी, जशपुर में 670.3 मिमी, कोरिया में 763.7 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 791.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 908.0 मिमी, बलौदाबाजार में 806.0 मिमी, गरियाबंद में 723.2 मिमी, महासमुंद में 834.2 मिमी, धमतरी में 782.2 मिमी, बिलासपुर में 845.7 मिमी, मुंगेली में 987.7 मिमी, रायगढ़ में 945.8 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 733.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 698.4 मिमी, सक्ती में 704.1 मिमी, कोरबा में 800.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 859.0 मिमी, दुर्ग में 696.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 643.2 मिमी, राजनांदगांव में 913.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1055.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 843.8 मिमी, बालोद में 847.3 मिमी, बेमेतरा में 648.1 मिमी, बस्तर में 874.3 मिमी, कोण्डागांव में 890.2 मिमी, कांकेर में 816.2 मिमी, नारायणपुर में 793.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 913.9 मिमी और सुकमा में 1223.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### जिले के युवाओं के लिए 11 सितंबर को जॉब फेयर

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, द्वारा 11 सितम्बर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, में जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। इस जॉब फेयर के माध्यम से मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिए ई.डी.पी. सर्विसेस, गुरुग्राम (हरियाणा) द्वारा ट्रेनी सुपरवाईजर के 180 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए योग्यता न्यूनतम 10वीं पास (50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण) हैं। आयु सीमा 18 से 20 वर्ष के मध्य निर्धारित की गई है।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक ए.ओ. लॉरी ने बताया कि चयनित आवेदकों को प्रशिक्षण अवधि के प्रथम माह से ही 15 हजार रुपये तथा 13 सौ रूपये ( कुल 16 हजार पांच सौ रुपये) एवं अन्य सुविधाएं (नि:शुल्क भोजन व्यवस्था) के साथ-साथ एन.सी.व्ही.टी. (आई0टी0आई0) का सर्टिफिकेट भी प्राप्त होंगा। श्री लॉरी ने बताया कि मारुति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड के गुरुग्राम (हरियाणा) के प्लांट में कार्य करने के इच्छुक योग्य आवेदक अपने साथ 10वीं के अंकसूची / आधार कार्ड की दो-दो प्रतियों के साथ जॉब फेयर हेतु निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होंए। छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने विशेष प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने एवं स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### डेरा एनीकट के लिए 5.71 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर ( ए )।** जल संसाधन विभाग मंत्रालय ने जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड-जैजैपुर अंतर्गत बोराई नदी पर धनवार डेरा एनीकट सह रपटा निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ 71 लाख 39 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रदान की है। योजना के तहत क्षेत्र के किसानों को 170 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

# साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता जरूरी- सचिव आर प्रसन्ना

## सोशल एवं बिहेवियर चेंज विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता जरूरी है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी गांवों को साफ-सुथरा रखने के लिए सराहनीय कार्य किए गए हैं। जिनमें निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। जागरूकता के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना ने राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में 'सोशल एवं बिहेवियर चेंज' विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि बीमारी को दूर करने के लिए लोगों में साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलानी होगी।




स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से जुड़े जिला समन्वयकों की इस कार्यशाला में श्री प्रसन्ना ने कहा कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत बुनियादी ढाँचों जैसे कि खाद के गड्ढे, सोखता गड्ढे, अपशिष्ट स्थिरीकरण से ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर संचालक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पद्मनी भोई साहू और छत्तीसगढ़ यूनिसेफ के प्रमुख जॉब जकारिया उपस्थित थे।

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत सोशल एवं बिहेवियर चेंज विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में निजी होटल में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में राज्य स्तरीय सलाहकारों ने राज्य के सभी जिलों से आए जिला सलाहकारों से ओडीएफप्लस के लिए सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन के सकारात्मक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। वर्तमान में मिशन अपने दूसरे चरण में है। इसमें राज्य की सभी पंचायतों को वर्ष 2025 तक ओडीएफ प्लस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत ठोस और तरल अपशिष्ट का कार्य सभी ग्राम पंचायतों में किया जाना है। ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में मुकेश राठौर ने जानकारी दी। इसी तरह सुश्री अभिलाषा आनंद ने ओडीएफ प्लस गांव के लिए आधारभूत सुविधा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ओडीएफ प्लस गांव यानी ऐसा गांव जहां खुले में शौच में पूर्ण पाबंदी हो और ग्राम पंचायत में कम से कम एक सामुदायिक शौचालय हो। इसके साथ ही गांव के सभी घरों के साथ-साथ प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय की सुविधा हो।

### लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना

यूनिसेफ के अभिषेक सिंह ने कहा कि सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन परिवारों और समुदायों के सशक्तिकरण विकास कार्यक्रम तैयार करने के केंद्र बिंदु होते है। स्वच्छ भारत अभियान का एक और मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। लोग स्वच्छता के प्रति आज भी लापरवाह है, इसी लापरवाही के कारण आए दिन लोगों को नई बीमारी से जूझना पड़ता है। इसलिए जब लोग स्वच्छता के प्रति जागरुक होंगे तो साफ सफाई की ओर ध्यान देंगे और स्वच्छता की ओर आगे बढ़ेंगे। इसकी शुरुआत हमें खुद से ही करनी होगी, जब तक हम साफ-सफाई नहीं करेंगे तब तक घर, गांव, राज्य और देश के स्वच्छ होने का सपना नहीं देखा जा सकता है। इस अभियान से जुड़ने के लिए सिर्फ अपने आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखनी होगी और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करना होगा।

# अमृत मिशन की राज्य स्तरीय हाई पावर स्टेयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में यहां मंत्रालय महानदी भवन में मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत राज्य स्तरीय हाई पावर स्टेयरिंग कमेटी की सातवीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कोरबा नगर निगम के अंतर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रोजेक्ट के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. अयाज तम्बोली ने अमृत मिशन 2.0 के संबंध जानकारी दी।

मिशन अमृत 2.0 की राज्य स्तरीय हाई पॉवर स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौमिल रंजन चौबे ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अमृत मिशन 2.0 में शामिल विभिन्न जल प्रदाय परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि जल प्रदाय योजना कुम्हारी, माना कैंप, समोदा, गुण्डरदेही, प्रेम नगर, फिंगेश्वर, मंदिर हसौद और बोदरी जल प्रदाय योजनाओं के कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं, अन्य परियोजनाओं पर कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है। बैठक में कोरबा नगर निगम के अंतर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रोजेक्ट के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें कोरबा सीवेज मास्टर प्लान के अंतर्गत विभिन्न नालों के पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, वित्त विभाग की विशेष सचिव शीतल शाश्वत वर्मा सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आवास एवं पर्यावरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीसी सखियों का डिजिटल मड़ई में सम्मान

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत डिजिटल फाइनेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली और दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाली 15 बीसी सखियों का शुक्रवार को सम्मान हुआ। स्वसहायता समूहों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने बैंकों द्वारा शुरू की गई दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 बैंकर्स का भी सम्मान किया गया। डिजिटल फाइनेंस के लिए तकनीकी सहायता एजेंसी सीएससी ई-गर्वनेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा आज रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित डिजिटल मड़ई में बीसी सखियों और बैंकर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीसी सखियों की सफलता की कहानियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। डिजिटल मड़ई कार्यक्रम में बीसी सखी के रूप में सर्वाधिक आय अर्जित करने वाली धमतरी जिले की सुनीता साहू, रायपुर की प्रियंका साहू, कोरिया की रनिया कुमारी तथा राजनांदगांव जिले की ऋतु श्रीवास और ममता पटेल को सम्मानित किया गया। स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्वाधिक ट्रांजैक्शन करने वाली बीसी सखियों कोरिया जिले की सुनीता कुमारी, बलरामपुर-रामानुजगंज की संगीता खलखो, कांकेर की पुष्पा बाई, गरियाबंद की खेमेश्वरी तिवारी और रायगढ़ की नेमिका पटेल को भी डिजिटल मड़ई में पुरस्कृत किया गया।

# मालीडीह के फूलों से महक रहे हैं मुम्बई, बेंगलुरु और नागपुर



### इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके युवा किसान अमर चंद्राकर कर रहे हैं फूलों की व्यावसायिक खेती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जेहन में किसी फूल का ख्याल आते ही उसकी महक से मन भर जाता है। लेकिन उसकी महक से यदि धन भी मिलने लगे तो समझिए जिंदगी ही महकने लग जाती है। महासमुंद अंतर्गत ग्राम मालीडीह एक छोटा सा गांव है। यहां के किसान अरूण चंद्रकार वैसे तो एक परम्परागत किसान है, लेकिन कुछ साल पहले प्रायोगिक तौर पर कुछ अलग करने की सोची और फूलों की खेती की तरफहाथ अजमाया। उद्यान विभाग के अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर गुलाब की खेती करना प्रारम्भ किया। शुरुआत में 400×400 वर्ग मीटर क्षेत्र में गुलाब के पौधे लगाए। इसके लिए उद्यानिकी विभाग से पॉली हाऊस योजना का लाभ भी लिया। उनके पुत्र अमर चंद्राकर ने भी पिताजी के कार्य को आगे बढ़ाते हुए आवश्यक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण लेकर इस खेती को व्यावसायिक रूप देकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पैक हाऊस निर्माण का लाभ भी लिया। साथ ही समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन लेते रहे। फूलों में आमदनी को देखते हुए युवा किसान अमर चंद्राकर ने एक-एक एकड़ क्षेत्र के दो स्थानों पर झरबेरा फूल की खेती 2020-21 में प्रारम्भ किया। आज झरबेरा की खेती से वे प्रति माह लगभग एक लाख रुपए की बचत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 6 एकड़ क्षेत्र में फूलों की खेती की योजना है। आज 35 मजदूर उनके पॉली हाऊस में काम कर रहें हैं। जो प्रतिदिन कटाई-छटाई और दवाई देने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके फूल प्रति नग कम से कम ढाई रुपए से लेकर 17 रुपए तक की दर से रायपुर, मुम्बई, नागपुर, कोलकाता, बेंगलुरु आदि महानगरों में विक्रय किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी एक क्षेत्र में सेवंती फूल लगाया गया है, जिसका नवम्बर माह से उत्पादन शुरू हो जाएगा। अमर चंद्राकर वैसे तो बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग है, लेकिन नौकरी का मोह त्याग कर मुनाफे की इस खेती को ही नौकरी मानकर कार्य कर रहे है। साथ में सामाजिक कार्यां में भी हाथ बटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में रहकर ही गांव की सेवा कर एवं फूलों की खेती से मैं संतुष्ट हूं। उन्होंने राज्य शासन को इस अवसर के लिए धन्यवाद भी दिया है।

# विधानसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण मतदान हेतु दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आगामी विधानसभा चुनाव, 2023 के दृष्टिगत दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा किया गया। यह कार्यशाला दो चरणों में आयोजित की जा रही है, जिसमें राज्य के 14 जिलों के नोडल अधिकारी एवं चुनाव सेल में पदस्थ पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं दूसरे दिन 9 सितम्बर को शेष 19 जिलों के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

पुलिस महानिदेशक जुनेजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों का चुनाव महत्वपूर्ण होता है। हमारी प्रजातंत्र की जडें इसी प्रक्रिया से विकसित होती है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने की पूरी जवाबदारी एनफोर्समेंट एजेंसी व अन्य संस्थाओं की होती है। मतदान को प्लानिंग प्रोसेस के साथ कराना आवश्यक है, क्योंकि जब आचार संहिता लागू होगी तो इसे समझने एवं इसके अनुरूप कार्यवाही करने में पुलिस अधिकारियों को कठिनाई न हो, इन्हीं उद्देश्यों के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।




पुलिस महानिदेशक जुनेजा ने भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के साथ पूर्व में हुई बैठकों का भी जिक्र करते हुए प्लेन एरिया एवं नक्सल एरिया में निर्विघ्न चुनाव कराये जाने के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव के पूर्व, मतदान के दौरान व पश्चात पुलिस की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है। कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो ऐसा वातावरण पुलिस को बनाये रखना होता है। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के संबंध में सीमावर्ती व अन्य राज्यों के पुलिस महानिदेशकों के साथ हुई बैठकों के बारे में भी बताया।

विधानसभा चुनाव 2023 के राज्य पुलिस नोडल अधिकारी एवं पुलिस महानिरीक्षक ओपी पाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सके इस हेतु उचित वातावरण बनाये रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भमिका होती है। पुलिस के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्व की जानकारी हो इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिलों से आये प्रतिभागी यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जिले में जाकर मास्टर ट्रेनर के रूप वहां के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। चुनाव आयोग के ज्वाईंट सीईओ नीलेश क्षीरसागर ने शांतिपूर्ण मतदान कराने के संबंध में चुनाव आयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने पर जोर दिया।

उक्त कार्याशाला को विभिन्न सत्रों में विभाजित किया जाकर शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने हेतु विद्यमान कानून, पुलिस द्वारा रखी जाने वाली सावधानियों, चुनाव आयोग की भूमिका सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विषय विशेषज्ञों के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्याशाला के प्रथम चरण में कुल 62 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में आये अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी एससी द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, एस.आर.पी. कल्लूरी, प्रदीप गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. साय, उप पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, मनीष शर्मा, के.एल. ध्रुव, सहायक पुलिस महानिरीक्षक वाय.पी. सिंह, संजय शर्मा, उमेश चौधरी, यू.बी.एस चौहान, पूजा अग्रवाल सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक, एन.के सिक्केवाल ने किया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# पालतू कुत्ते से भी आपको हो सकता है रेबीज

## एक छोटी सी गलती हो सकती है जानलेवा

आजकल घरों में पालतू कुत्ते पालना बहुत कॉमन हो गया है। कई लोग अकेलापन दूर करने या बच्चों को जिम्मेदारी सिखाने के लिए पालतू कुत्ते रखते हैं। पालतू कुत्ते अपने मालिक के प्रति बहुत वफादार और प्यारे होते हैं। लेकिन क्या आपको पता है पालतू कुत्ते से रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है। अगर हम पालतू कुत्तों की देखभाल करते समय सावधानी नहीं बरतते हैं तो हम अपनी जान को खतरे में डाल सकते हैं। इसलिए पालतू कुत्ते पालते समय हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे रेबीज जैसी बीमारियों से सुरक्षित हैं और हमारे लिए कोई खतरा नहीं हैं।

रेबीज एक बीमारी है जो जानवरों की लार से फैलती है। संक्रमित जानवर के लार का संपर्क जब व्यक्ति के खून से होता है, तो ये वायरस फैलता है। व्यक्ति के खून में ये वायरस या तो जानवर के काटने से पहुंचते हैं या पालतू जानवरों के घाव और चोट आदि के चाटने से भी फैल जाते हैं। इसलिए पालतू कुत्तों को रेबीज के टीका लगवाना बेहद जरूरी होता है। रेबीज से संक्रमित कुत्तों में कुछ विशिष्ट लक्षण दिखाई देते हैं जैसे अत्यधिक उत्तेजना और आक्रामकता, लार बहना, भौंकना-चीखना, आवाज़ में बदलाव, भूख कम लगना आदि। इसलिए पालतू कुत्तों को नियमित रूप से रेबीज का टीका लगवाना जरूरी हो जाता है ताकि वे रेबीज से बचे रहें और आस-पास के लोगों को भी रेबीज से सुरक्षा मिल सके।

### रेबीज से होती है यह बीमारी

रेबीज के कुछ लक्षण वर्षों बाद भी दिखाई देती है। रेबीज एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है जिसमें वायरस शरीर के न्यूरल तंत्र को प्रभावित करता है रेबीज मस्तिष्क और नसों को नुकसान पहुंचाता है, इसलिए इसके कुछ लक्षण वर्षों बाद भी दिखाई दे सकते हैं, जैसे:-

- मांसपेशियों में कमजोरी
- स्पीच में दिक्कत
- चेहरे की मांसपेशियों में ऐंठन
- मानसिक समस्याएं

इसलिए रेबीज का इलाज सही समय पर कराना बेहद जरूरी है। टीकाकरण भी रेबीज से बचाव का एकमात्र तरीका है।



# धीरज धूपर के साथ काम करने को लेकर एक्साइटेड हैं एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू


टीवी के पॉपुलर शो सौभाग्यवती भव- के नए सीजन में सिया का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू ने धीरज धूपर के साथ काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्हें उम्मीद है कि शो को पहले सीजन की तरह ही सराहना मिलेगी।

शो के बारे में बात करते हुए, अमनदीप ने कहा- मैं सिया का किरदार निभा रही हूं, जिसमें जीवंतता और ताकत झलकती है। वह धार्मिकता के लिए खड़ी रहती है और गलत काम का डटकर विरोध करती है। मेरा पहला मकसद सिया को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना और दर्शकों के साथ गहरा संबंध बनाना है।

अपने को-एक्टर के लिए, नागिन फेम एक्ट्रेस ने कहा, धीरज के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्ट है, और मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शक हमारी जोड़ी को पसंद करेंगे। उन्होंने सिया की भूमिका देने के लिए स्टार भारत का हार्दिक आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हमारे शो को उतनी ही सराहना मिलेगी जितनी इसके पहले पार्ट को मिली थी। सौभाग्यवती भव: 26 सितंबर से स्टार भारत पर प्रसारित होगा।

# अगर नए जूतों से पड़ गए हैं छाले तो, जानें तुरंत कैसे मिलेगा आराम

नए जूतों से होने वाली शू बाइट की समस्या लगभग हर किसी को कभी न कभी होती है। जब हम नए जूते पहनते हैं, तो उनका कठोर और खुरदरा सोल हमारी नाजुक पैर की त्वचा को छिल देता है। इससे पैरों में लाल चकत्ते, दर्द, सूजन और कभी-कभी छोटे छोटे घाव भी हो जाते है। इसे शू बाइट कहा जाता है। जिससे चलने-फिरने में दिक्कत होने लगती है। शू बाइट से बचने के लिए हमें नए जूतों का इस्तेमाल धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। प्रतिदिन केवल 1-2 घंटे ही नए जूते पहनें ताकि वे धीरे-धीरे आपके पैरों के आकार के अनुसार ढल सकें। इतने समय तक जूते पहनने से उनका सोल भी नरम पड़ने लगेगा। इसके अलावा मोजे पहनकर, जूतों के अंदर बेबी पाउडर या टैल्कम पाउडर डालकर भी शू बाइट से बचा जा सकता है। आइए जानते हैं अगर शू बाइट हो जाए तो क्या करें।




### बर्फ लगाएं

नए जूतों से होने वाली शू बाइट की समस्या आम है, लेकिन इसका इलाज घर पर ही संभव है। जहां शू बाइट की परेशानी हुई है, उस जगह पर बर्फ लगाने से बहुत राहत मिलती है। बर्फ की ठंडक दर्द और सूजन को कम करने में मदद करती है। शू बाइट वाली जगह पर बर्फ के टुकड़े लगाएं या फिर बर्फ की पौच बनाकर रखें। इसे 10-15 मिनट तक लगाए रखने से लाभ होगा। दिन में 2-3 बार ऐसा करने से तेजी से राहत मिलेगी। बर्फ के अलावा आइस क्यूब्स को कपड़े में लपेटकर भी ठंडा कर सकते हैं।

### नमक पानी इस्तेमाल करें

नए जूतों से शू बाइट होने पर नमक पानी का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद साबित होता है। नमक में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो आपको राहत दे सकता है। शू बाइट वाली जगह पर नमक पानी की सिकाई करने से दर्द और सूजन में कमी आती है। इसके लिए गुनगुने पानी में एक चम्मच नमक मिलाकर उस जगह पर सिकाई करें। नमक में सोडियम क्लोराइड होता है जो बैक्टीरिया को मारता है और सूजन को कम करता है। इसके अलावा नमक पानी में ओस्मोसिस के कारण पानी निकलने लगता है जिससे सूजन भी कम हो जाती है। रोज दो-तीन बार नमक पानी से सिकाई करने से शू बाइट में लगातार राहत महसूस होगी। नमक एक सस्ता और आसानी से उपलब्ध घरेलू नुस्खा है जो शू बाइट के इलाज में बहुत प्रभावी है।

### एलोवेरा जेल

शू बाइट की समस्या से निजात पाने के लिए एलोवेरा जेल एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो शू बाइट के दर्द, सूजन और खुजली को कम करने में मदद करते हैं। शू बाइट वाली जगह पर एलोवेरा जेल की एक पतली लेयर लगाएं और हल्के हाथों से मलें। यह त्वचा को ठंडक देगाऔर दर्द को कम करेंगा। रोजाना 2 से3 बार ऐसा करने से शू बाइट जल्द ठीक हो जाएगी।

# बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान ने रचा इतिहास

## जवान बनी सबसे बड़ी ओपनर फिल्म



बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में सुपरस्टार शाहरुख खान अब बॉलीवुड के असली किंग बन गए हैं। उनकी फिल्म जवान ने पहले दिन की कमाई में कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए हैं। हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई इस फिल्म ने घेरलू बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग मिली है। वहीं, दुनियाभर में भी कमाई के मामले में सबको पीछे छोड़कर नया मुकाम हासिल किया है।

इतना ही नहीं, जवान की इस कमाई के साथ शाहरुख खान बॉलीवुड के ऐसे पहले सुपरस्टार बन गए हैं जिनकी दो फिल्मों को 100 करोड़ की ओपनिंग मिली है। जानते हैं कि जवान ने पहले दिन कमाई के कितने रिकॉर्ड बनाए, कितने रिकॉर्ड तोड़े।

पहले दिन की कमाई के मामले में जवान बॉलीवुड की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म साबित हुई है। घेरलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कुल 74.5 करोड़ की कमाई है। जवान फिल्म के हिंदी वर्जन ने घेरलू बॉक्स ऑफिस पर 65.5 करोड़ की कमाई की है। जवान को तमिल और तेलुगू वर्जन में भी अच्छी ओपनिंग मिली है। तमिल लैंग्वेंज ने 5.3 करोड़ कमाए हैं और तेलुगु वर्जन भी 3.7 करोड़ कमाने में कामयाब रही है। अटली कुमार के डायरेक्शन में बनी जवान ने वर्ल्डवाईड 129.6 करोड़ की कमाई के साथ ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिर से बवाल मचा दिया है। ये किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है।

वर्ल्डवाईड कमाई के मामले में ये बॉलीवुड की चौथी फिल्म सबसे बड़ी ओपनर फिल्म है। वर्ल्डवाईड कमाई के मामले में आरआरआर नंबर वन पर है जिसने पहले दिन 223.5 करोड़ का बिजनेस किया था। उसके बाद नंबर दो पर प्रभास की बाहुबली 2 है जिसने वर्ल्डवाईड 214.5 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म केजीएफ 2 है जिसे 164.5 करोड़ की ओपनिंग मिली थी।

जवान की 75 करोड़ की बंपर ओपनिंग के साथ शाहरुख खान ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है।

# व्हाइट शॉर्ट ड्रेस पहन भूमि पेडनेकर ने शेयर किया बॉर्बी डॉल लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेक इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर काफी चर्चाओं में बनी हुई हैं। ये फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनके बॉर्बी लुक को देखकर फैंस अपना दिल हार गए हैं। भूमि पेडनेकर बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई है। हाल ही में एक्ट्रेस की अपकमिंग मूवी थैंक यू फॉर कमिंग का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर की रोमांटिक लाइफ की प्रॉब्लम को दिखाया गया है, जिसे उनके दोस्त मिलकर सुलझाने की कोशिश करते हैं। एक्ट्रेस की इस फिल्म का ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। हालांकि लोग उनके किरदार को बेहद सराहना दे रहे हैं। भूमि पेडनेकर ने ट्रेलर रिलीज इवेंट के दौरान व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें वो काफी हॉट नजर आ रही थीं। हाई हील्स, खुले बाल और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फैंस भी उनके लुक की काफी तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपनी इन फोटोज में एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज दिए हैं। इन फोटोज में आप देख सकत हैं कि भूमि पडनेकर ने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए जबरदस्त फोटोशूट करवाया है।

# प्रभास पर फिर दांव खेलेंगे बाहुबली के निर्माता, अनुष्का शेट्टी के साथ जमेगी जोड़ी

प्रभास ने अपने करियर में कई लोकप्रिय अभिनेत्रियों के साथ काम किया, लेकिन कुछेक के साथ ही उनकी जोड़ी पर्दे पर जमी। अनुष्का शेट्टी उन्हीं में से एक हैं। जब-जब यह जोड़ी दर्शकों के बीच आई, उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आई, वहीं फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। अब हम यह राम कहानी आपको इसलिए सुना रहे हैं कि एक बार फिर अनुष्का और प्रभास की जोड़ी बनने वाली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास और अनुष्का एक बार फिर रुपहले पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।इससे भी खास बात यह है कि बाहुबली- द बिगनिंग और बाहुबली- द कंक्लूजन जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके निर्माता शोबू यरलागड्डा एक बार फिर प्रभास के साथ पारी खेलने को तैयार हैं।वह अपनी अगली फिल्म में अनुष्का को ही प्रभास की जोड़ीदार बनाना चाहते हैं। उनकी यह फिल्म भी काफी बड़े स्तर पर बनने वाली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शोबू फिल्म में प्रभास और अनुष्का को ही लीड रोल के लिए साइन करना चाहते हैं। उन्होंने इस सिलसिले में दोनों से बातचीत की है। अब उन्होंने इसके लिए रजामंदी दी या नहीं, यह नहीं पता, लेकिन इस खबर से उनके प्रशंसक जरूर उतावले हो गए हैं। दरअसल, बाहुबली के बाद से प्रशंसक प्रभास और अनुष्का को एक बार फिर पर्दे पर साथ देखने को बेताब हैं और अब उनकी यह इच्छा पूरी होने वाली है। प्रभास और अनुष्का की जोड़ी को बाहुबली में सबसे ज्यादा पसंद किया गया। इसमें जहां प्रभास अमरेंद्र सिंह बाहुबली के रूप में नजर आए, वहीं अनुष्का ने देवसेना की भूमिका निभाई।



2009 में आई फिल्म बिल्ला में ये दोनों कलाकार पहली बार साथ दिखे थे। यह इसी नाम से बनी तमिल फिल्म का तेलुगु रीमेक है।2013 में आई एक्शन ड्रामा मिर्ची में भी उनकी केमिस्ट्री को पसंद किया गया था। इस फिल्म का निर्देशन कोरतल्ला शिवा ने किया था।

प्रभास जल्द ही फिल्म सालार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील ने किया है। यह फिल्म 28 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सालार को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। प्रभास, दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म स्पिरिट उनके खाते से जुड़ी है। दूसरी तरफ अनुष्का जल्द ही फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पॉलिशेट्टी में नजर आने वाली हैं।

प्रभास-अनुष्का के अफेयर की खबरें भी गपशप गली में खूब रही हैं। बाहुबली की शूटिंग के दौरान तो उनके प्यार के साथ-साथ शादी तक की खबरें आने लगी थीं। हालांकि, फिलहाल प्रभास अभिनेत्री कृति सैनन के साथ अपने खास रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं।

# श्रिया सरन और शरमन जोशी की फिल्म म्यूजिक स्कूल ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन की म्यूजिक स्कूल को इसी साल 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।

रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर महज 10 लाख रुपये का कारोबार किया था। अब म्यूजिक स्कूल ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।



म्यूजिक स्कूल में श्रिया की जोड़ी अभिनेता शरमन जोशी के साथ बनी थी। फिल्म में श्रिया और शरमन के अलावा सुहासिनी मुले, प्रकाश राज, बेंजामिन गिलानी, श्रीकांत अयंगर, मोना अंबेगांवकर और अन्य कलाकार नजर आए थे। म्यूजिक स्कूल का निर्देशन जाने-माने निर्देशक पापा राव बियाला ने किया था, फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी थी। फिल्म का निर्माता भी पापा राव बियाला ही थे। म्यूजिक स्कूल तमिल और हिंदी भाषाओं में रिलीज हुई थी।

फिल्म म्यूजिक स्कूल की शुरुआत बच्चो के स्कूल से होती है। स्कूल के बच्चे पढ़ाई के दबाव की वजह से संगीत जैसे विषय को वक्त की बर्बादी समझते हैं। फिल्म में श्रिया सरन ने एक म्यूजिक टीचर का किरदार निभाया है, जो बच्चों को म्यूजिक सीखने के लिए प्रेरित करती है। उसकी लाख कोशिशों के बावजूद बच्चे म्यूजिक क्लास में भाग लेने के लिए राजी नहीं होते। शरमन जोशी उसी स्कूल में बच्चों को एक्टिंग सिखाते हैं। शरमन जोशी की सलाह पर श्रिया सरन अपनी सोसाइटी में म्यूजिक स्कूल खोलती है। म्यूजिक स्कूल खुलने के बाद बच्चे स्कूल जाते हैं कि नहीं जाते हैं, इसी के इर्द गिर्द पूरी फिल्म की कहानी घूमती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### अपराध छोटा-बड़ा नहीं होता, हर इंसान अपराध से दूर रहें

**कोरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोरिया ने दस महिला पीड़ितों को चेक के माध्यम से 42 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति राशि दी है। क्षतिपूर्ति योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोरिया के अध्यक्ष श्री आनंद कुमार ध्रुव ने जिले के दूरस्थ अंचल से आए दस पीड़ितों को चेक के माध्यम से 42 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई है। श्री ध्रुव ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं से किसी भी प्रकार की अभद्रता, दुर्व्यव्हार, बलात्कार, यौन शोषण व अन्य अपराध न करें और इस तरह के अपराध को रोकने के लिए सामने जरूर आएं। अध्यक्ष श्री ध्रुव ने कहा कि अपराध छोटा-बड़ा नहीं होता, इसलिए हर इंसान अपराध से दूर रहें। क्या है पीड़ित प्रतिकर योजना- धारा 357 (क) के तहत ऐसे पीड़ित या उनके आश्रितों को जिन्हें किसी अपराध के कारण चोट या क्षति पहुंची और उन्हें पुनर्वास की आवश्यकता है। उनकी क्षतिपूर्ति के राज्य द्वारा विधि के प्रावधान के लिए योजना बनाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग एवं पुलिस विभाग की अधिसूचना 2011 से यह प्रभावी है। इस योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण क्षतिपूर्ति का निर्धारण कर कलेक्टर को योजना के नियम 3 के अनुसार भुगतान करने के लिए प्रेषित किया जाता है।

### लगातार असफलता मिलने पर भी नहीं मानी हार,कड़ी मेहनत कर हिर्री के दीपक पटेल बनें नायब तहसीलदार

**बिलासपुर।** कहते हैं सफलता एक दिन में नही मिलती, असफलता के बाद भी अगर लक्ष्य के प्रति निष्ठापूर्वक और समर्पणभाव से लगातार अभ्यास और मेहनत किया जाए तो एक दिन सफलता जरूर मिलती है। उक्त बातों को आज ग्राम हिर्री निवासी दीपक पटेल ने चरितार्थ किया है। विकासखंड मस्तूरी के ग्राम हिर्री निवासी श्री दीनबंधु पटेल के पुत्र श्री दीपक पटेल का नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है। परिजनों को श्री दीपक पटेल के चयन की जानकारी हुई तो घर में जश्न शुरू हो गया। श्री दीपक पटेल ने बताया उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर हिर्री में हुई। उसके बाद उन्होंने 9 से 12 की पढ़ाई संत जोसेफस्कूल जयराम नगर एवं स्नातक की पढ़ाई बीएससी डीपी कॉलेज बिलासपुर में पूरी हुई। बीएससी के बाद ही उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 5 बार प्री, मेन्स एवं इंटरव्यू में शामिल हुए। हर बार किसी न किसी स्तर पर कठिनाई के कारण सफलता नहीं मिल पा रही थी। उन्होंने हार नही मानी लगातार अपने लक्ष्य में अडिग रहकर तैयारी करते रहे। अंततः सीजी पीएससी 2022 में उन्हें इस साल नायब तहसीलदार पद मिला है। उन्होंने अपने इस सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों एवं मित्रों को दिया है। उन्होंने कहा कि तैयारी के दौरान उनकी दीदी ने उन्हें बहुत मॉरल सपोर्ट दिया। पिता श्री दीनबंधु पटेल एवं माता श्रीमती गंगमती ने बताया कि बेटे का चयन नायब तहसीलदार के पद पर होने से परिवार बेहद खुश है। श्री दीपक पटेल के नायब तहसीलदार पद पर चयन होने पर गांव के सरपंच, गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित उनके मित्र सहकारिता रजिस्टार व्यास नारायण साहू, सहायक संचालक वित्त नीलिमा भोई, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, सहपाठी अश्विनी साहू, प्रमिल कैवर्त्य, दीपक प्रधान, हितेश प्रधान ने भी बधाई दी है।

### मोर मकान मोर आस हेतु चतुर्थ चरण अंतर्गत पात्र/अपात्र आपत्ति सूची जारी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस के हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित कर दी गई है।निगम द्वारा गठित समिति द्वारा अनुसंशित,राजस्व विभाग नगर पालिक निगम टैक्स संग्रहण एजेंसी स्पैरो तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के एमआइएस पोर्टल/सीएलएसएस डेटा से मिलान पश्यात पात्र/आपत्र की सूची दावा आपत्ति हेतु जारी की जा रही है।जिस किसी व्यक्ति,अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा हो तो दिनाँक 6 सितंबर से लेकर 20 सितंबर तक कि अवधि में लिखित रूप से आपत्ति दावा किया जा सकता है। 20 सितंबर के उपरांत किसी भी प्रकार का आपत्ति दावा अमान्य होगा।सूची को विभागीय वेबसाईड में देखा जा सकता है तथा यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आवेदकों से अनुरोध किया है कि निर्धारित समय में लिखित रूप में दावा-आपत्ति कर सकते है तथा समयावधि उपरांत कोई भी दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

जिन आवेदको को आवास आबंटन किया है उन्हें सूचित किया जाता है कि वह आबंटन पत्र प्राप्त कर लेवें।महापौर व आयुक्त ने पूर्व में जारी में दर्ज पात्र आवेदकों से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द प्रथम किशत जमा करते हुए, आगामी लॉटरी हेतु नाम सुरक्षित करा लेवें।

# कृष्ण जन्माष्ठमी पर न्यायधानी में निकली विशाल शोभायात्रा

श्रीकंचपनथ न्यूज

**बिलासपुर। कृष्ण जन्माष्ठमी के मौके पर सर्व यादव समाज बिलासपुर के तत्वावधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में यदुवंशियों ने भाग लिया। भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ शोभायात्रा बृहस्पति बाजार से शुरू हुई। इस मौके पर यहां स्थापित स्व बीआर यादव जी की प्रतिमा का पूजन किया गया। इसके बाद गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा शहर घूमी। इस दौरान विधायक शैलेष पांडे ने यादव समाज के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।**



शोभायात्रा नेहरू चौक होते हुए देवकीनंदन चौक पहुंची जहां इस यात्रा का सर्व क्षत्रिय समाज के द्वारा आदर सत्कार पूर्वक स्वागत किया गया। इसके बाद शोभायात्रा सिम्स चौक पर पहुंची इस यात्रा का नारायणी सेना के द्वारा भव्य तरीके से आत्मीयता पूर्वक स्वागत सत्कार किया गया। शोभायात्रा धीरे धीरे बढ़ती रही जहां विभिन्न समाजों के लोगों ने इस यात्रा का पूजन अर्चन कर स्वागत किया। इस यात्रा में समाज के लोग परम्परागत वेशभूषा के साथ राउत नाचा, डीजे के धुन में नाचते थिरकते भगवान श्री कृष्ण की जयकारा करते हुए

श्री कृष्ण की लीलाओं सहित,रथ पर भगवान श्री कृष्ण एवं अर्जुन की जीवंत एवं आकर्षक झांकियां निकाली गई इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से सनातन धर्म श्रेष्ठ धर्म, बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ, जय जवान जय किसान, एवं राधाकृष्ण व कृष्णलीला, बाललीला की जीवंत एवं आकर्षक झांकियां सजाई गई जो मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहा। झूले पर झूलते श्री कृष्ण के बाललीला स्वरूप का अलौकिक दर्शन पाकर भक्तजन निहाल हो गए। जन्मोत्सव के तहत नगर के कई मंदिरों व घरों में दिनभर भजन कीर्तन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। जन्माष्टमी श्रद्धा भाव से मनाया गया।लालबहादुर परिसर में विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। नगर के हर गली व मुहल्लों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रहा।

शहर में इस भव्य विशाल शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर जमे रहे। विशाल शोभायात्रा में लगभग दस हजार से भी ज्यादा भीड़ रही। इस यात्रा में महिलाएं बच्चे युवक युवतियां प्रमुख तौर से सम्मिलित हुई। समाज के लोग काफी उत्साहित थे। सभी लोग जयघोष करते हुए इस शोभायात्रा में चल रहे थे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष विष्णु यादव का सार्थक प्रयास अतुलनीय एवं प्रशंसनीय रहा।

लालबहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम भी हुआ जिसकी अध्यक्षता विष्णु यादव सदस्य कार्य समिति छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने किया। प्रमुख वक्ता के रूप में रमेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ सम्मिलित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रश्मि सिंह ठाकुर संसदीय सचिव, शैलेष पांडेय विधायक बिलासपुर, रामशरण यादव महापौर, प्रमोद नायक, कृष्ण कुमार, विजय केशरवानी, विजय पांडे, संतोष कौशिक, मीनू सुमंत यादव, भास्कर यादव, प्रियंका यादव, विजय यादव, लालजी यादव, अभिमन्यु यादव, रामचन्द्र यादव, देवेंद्र यादव, जागेश्वर यादव , दीपक यादव, मनोज छोटू यादव, मनजीत यादव, विक्की यादव, आयुष यादव, पुकार यादव , विलास यादव , लाला यादव , बुधराम यादव ए के यदु, दिनेश राम यादव, नंद कुमार यादव, मानी राम यादव, सुनीता यादव, गीता यादव , सरिता यादव ममता यादव , पुष्पा यादव दुर्गा यादव हर्षलता यादव , श्रीराम यादव रामफल यादव मन्नू यादव मनोहर यादव कन्हैया यादव, मनोज यादव , विश्व नाथ यादव, अजय यादव, सरजू यादव, राय सिंह यादव आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीसी सखियों का हुआ सम्मान



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** सीएससी द्वारा डिजिटल मड़ई का आयोजन डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने डुएल ऑथेन्टिकेशन उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत डिजिटल फाइनेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली और दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाली 15 बीसी सखियों को आज सम्मानित किया गया। स्वसहायता समूहों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने बैंकों द्वारा शुरू की गई दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 बैंकर्स का भी सम्मान किया गया। डिजिटल फाइनेंस के लिए तकनीकी सहायता एजेंसी सीएससी ई-गर्वनेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा आज रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित डिजिटल मड़ई में बीसी सखियों और बैंकर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीसी सखियों की सफलता की कहानियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

डिजिटल मड़ई कार्यक्रम में बीसी सखी के रूप में सर्वाधिक आय अर्जित करने वाली धमतरी जिले की सुनीता साहू, रायपुर की प्रियंका साहू, कोरिया की रनिया कुमारी तथा राजनांदगांव जिले की ऋतु श्रीवास और ममता पटेल को सम्मानित किया गया। स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्वाधिक ट्रांजैक्शन करने वाली बीसी सखियों कोरिया जिले की सुनीता कुमारी, बलरामपुर-रामानुजगंज की संगीता खलखो, कांकेर की पुष्पा बाई, गरियाबंद की खेमेश्वरी तिवारी और रायगढ़ की नेमिका पटेल को भी डिजिटल मड़ई में पुरस्कृत किया गया।

# कंतेली मे हुआ दो दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** आज के इस आधुनिक युग मे मोबाईल गेम की बढ़ती लोकप्रियता के बीच ग्रामीण अंचल की पारम्परिक खेल विलुप्त होते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को फिर से नई पहचान देने और नई युवा पीढ़ी को इनसे अवगत कराने के लिए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इस ओलंपिक के आयोजन से राज्य के हर वर्ग के ग्रामीण प्रतिभागियों को उपयुक्त मंच प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बेमेतरा जिले के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली मे दो दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का स्थानीय विधायक श्री आशीष छाबड़ा के द्वारा विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सकुंतला मंगत साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरुचि सिंह, सीएमओ श्री उपाध्याय, जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित भारी संख्या मे खिलाड़ी उपस्थित थे।

इस दौरान विधायक श्री छाबड़ा एवं कलेक्टर श्री एल्मा ने ग्रामीण अंचल से आये समस्त विकासखण्डों एवं नगरीय निकायों से विजयी होकर जिला स्तर पर पहुंचे प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में शामिल होने तथा अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# यात्री गाडियों के लेटलतिफी एवं निरस्त होने के कारण व्यापारियों को हो रही परेशानी - अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट सी.जी. चैप्टर का एक प्रतिनिधी मंडल रायपुर रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार, रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, पी ज्यूलियस वैष्णव एवं परिचालन विभाग के अर्जीत कुमार से मुलाकात किया।



कन्फे़डरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेष अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी ने बताया की कैट टीम ने रायपुर रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार से मुलाकात किया। कैट टीम ने रेल मंडल प्रबधंक को अवगत कराया कि वर्तमान समय में रेल्वे द्वारा यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने के मामले अत्यधिक हो रहे है। अभी त्यौहारी सीजन शुरू हो गया है। जिसके लिए व्यापारियों को खरीदारी करने हेतु अन्य शहरों मे जाना पडता है। यात्री गाडियों के लेटलतीफ एवं निरस्त होने के कारण आम जनता एवं व्यापारियों को बहुत अधिक परेषानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे कि उनके समय एवं व्यापार पर दुष्प्रभाव पडता है। रेल्वे द्वारा यात्री गाडियों निरस्त करने की सूचना पूर्व मे देनी चाहिए। किन्तु रेल्वे द्वारा यात्री गाडियों की निरस्त की सूचना अचानक दी जाती है। जो कि उचित नहीं हैं।

कैट ने रेल्वे द्वारा यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने के संभावना को कम करने हेतु मांग की। कैट ने रेल मंडल प्रबधंक को यात्री गाडियों के लेटलतीफ एवं निरस्त होने के कारणों को कम करने हेतु सकारात्मक सुझाव दिये।

श्री पारवानी एवं श्री दोषी ने आगे कहा कि हर दिन लाखों यात्री रेल में सफर कर अपने गंतव्य स्थान तक पंहुचते है। इसमें बड़ी संख्यां में सीनियर सिटीजन भी शामिल होते है। भारतीय रेल्वे ने दषको से वरिष्ठ जनों एवं अन्य वर्गो के लोगों हेतु रियायत सुविधाओं का शुभारंभ किया था।

तथा रेल्वे यात्रा के दौरान संबधित पात्रता के दस्तावेज प्रस्तुत करने पर रियायत मिलती थी। विगत करोना के संक्रमण काल में रेल्वे प्रषासन ने उपरोक्त सुविधाओं को बंद कर दिया है। जो आज पर्यन्त तक बंद है। जिससे कि रेल यात्रा में सिनियर सिटीजन को असुविधा हो रही है। सिनियर सिटीजन को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कैट ने सिनियर सिटीजन को मिलने वाली सुविधाओं का पुनः बहाल करने का मांग की। साथ ही करोना काल में रेल्वे द्वारा लोकल ट्रेनो के टिकट दरों में की गई वृद्वि अभी तक कम नहीं किया गया हैं। जबकि करोना काल को समाप्त हुए लगभग 2 वर्ष हो चुके है। रेल्वे द्वारा लोकल ट्रेनों के टिकट दरों में की वृद्वि से दैनिक रेलयात्रीयों को अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ रहा है।

# बुनकर समाज नये जमाने के अनुरुप उन्नत हुनर के साथ अपने परंपरागत पेशे को आगे बढ़ाएं - मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में छत्तीसगढ़ बुनकर शिल्पी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बुनकर सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान बुनकरों के हित में आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्कूलों में गणवेश आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ को प्रदान करने की घोषणा भी की। सम्मेलन में राज्य भर से बुनकर समाज के महिला-पुरूष सहित समूह के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।**



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बुनकर सामाज बहुत मेहनती और उद्यमी समाज है। यह समाज धागा कातने और कपड़ा बुनने के काम को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ा रहा है। पुरखों ने हमें जो हुनर सिखाया है, उसे हम भूले नहीं है। आज मशीनी उत्पादों से लोगों का मोह भंग हो रहा है। हाथों से बने, शुद्ध और भरोसे के उत्पादों की तरफ लोग लौट रहे हैं। कृत्रिम की जगह प्राकृतिक चीजों की मांग बढ़ रही है। यह हमारे परंपरागत उद्यमियों के लिए एक अच्छा अवसर है, इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमने बीते पांच सालों में बुनकर भाइयों के प्रशिक्षण से लेकर उत्पादन में सहयोग और उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने तक सभी तरह के जरूरी कदम उठाए हैं। हमने छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए लगातार काम किया है। इन पांच सालों में हमने बुनकरी के विकास के लिए एक ऐसी मजबूत अधोसंरचना तैयार की है, जिसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक मिलता रहेगा।

इससे बुनकरी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। मैं बुनकर समाज के लोगों से अपील करता हूं कि आप नये जमाने के अनुरूप नये दृष्टिकोण के साथ अपने इस परंपरागत पेशे को आगे बढ़ाएं। हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कोसा उत्पादन के मामले में आज भी छत्तीसगढ़ देश में सबसे आगे है। हमारे यहां बने कपड़ों की मांग विदेशों तक है। हमारे यहां के रेशमी कपड़ों की क्वालिटी का कहीं मुकाबला नहीं है। आज हमारे बच्चे पढ़-लिखकर बाजार को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं।

नयी पीढ़ी के उद्यमी बच्चे कपड़ों के प्रिंट और डिजाइन में तरह-तरह के नवाचार कर रहे हैं। उन्हें इसका फायदा भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बुनकर समाज अपने पुश्तैनी व्यवसाय को नये नजरिये के साथ आगे बढ़ाएं। हमारी सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि आज हमारे सामने दंतेवाड़ा की डेनेक्स फैक्टरी एक सफल उदाहरण कि यदि आधुनिक दृष्टिकोण के साथ हम अपना काम करेंगे तो कपड़े के निर्माण के क्षेत्र में भी हमारे लिए नयी संभवानाओं के बहुत से दरवाजे खुल जाएंगे।

### छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में इन दिनों जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप के अंतर्गत आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न मानव श्रृंखला बनाते हुए मतदाता जागरूकता पर भाषण का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम में लगभग सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राएँ भारी उत्साहित नज़र आये। छात्र छात्राओं ने अपने माता पिता भाई बहन एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप शत-प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया।



















## खास-खबर



### छत्तीसगढ़ पुलिस के आरक्षक का प्राइवेट पार्ट काटा, शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा था, पति ने कर दिया हमला

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शादीशुदा प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में देख उसके पति ने आरक्षक के प्राइवेट पार्ट को काट दिया। गंभीर हालत में आरक्षक को बिलासपुर के अपालो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक रोहित सिंह परिहार का अवैध संबंध मुंगेली के शिक्षक नगर में रह रही शादीशुदा महिला के साथ चल रहा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात अपनी वह अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। प्रेमिका ने बताया कि उसका पति घर से बाहर गया है। इस दौरान दोनों आपत्तिजनक हालत में थे और तभी पति पहुंच गया। दोनों को ऐसी हालत में देख पति गुस्से से आगबबूला हो गया और उसने हासिए से आरक्षक के प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया। इससे आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल उसका इलाज अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा है। फिलहाल इस मामले में आरक्षक का बयान नहीं आया है। वहीं घटना के बाद पति-पत्नी फरार बताए जा रहे हैं।

### उफनती नदी में नाव पलटी, 7 ग्रामीण डूबे, लकड़ी के नाव से पार कर रहे थे नदी

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां के इंद्रावती नदी में नाव पलटने से 7 ग्रामीण डूब गए हैं। यह हादसा यहां के मुचनार घाट में हुआ है। सभी ग्रामीण लकड़ी की छोटी नाव से उफनती नदी को पार कर रहे थे। इस दौरान बैलेंस बिगड़ा और सभी नदी में समा गए।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर बाद का बताया जा रहा है। बारिश के कारण इंद्रावती इन दिनों उफान पर है। ऐसे के कुछ ग्रामीण लकड़ी की छोटी नाव में नदी पार कर रहे थे। इस दौरान बैलेंस बिगड़ गया ओर सभी नदी में डूबने लगे। सभी ग्रामीण कोडेनार और कौशलनार गांव के हैं। यह हादसा कोडनार में मुचनार घाट में हुआ है। बताया जा रहा है कि नदी में डूबे 7 में से 4 लोग पेड़ में फंसे हुए हैं। एक को निकाल लिया गया है और दो लापता बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

### वाहन चालक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**राजिम ( ए )।** जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाई में एक टाटा सुमों चालक की धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इसके घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक का नाम लोकेश गायकवाड़ बताया जा रहा है। युवक ग्राम किरवई का रहने वाला था, वह किराये में वाहन चलाने का काम करता था। युवक अपने घर से अपनी टाटा सूमो लेकर बुकिंग में जा रहा था, तभी कुछ अज्ञात लोग आये और उसपर जानलेवा हमला कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रिफर कर दिया गया है। इस पुरे मामले को लेकर फिंगेश्वर थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद मामले की जांच कर रहे हैं।

# पुलिस ने छापामार कार्रवाई में पकड़ी 77 पेटी अवैध शराब, एमपी से लेकर आए थे तस्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले की रामानुजनगर पुलिस ने पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस सरगर्मी से तलाशी कर रही है। पुलिस ने 77 पेटी में 706 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत सवा चार लाख से अधिक बताई जा रही है। शराब मध्यप्रदेश से लाई गई थी।



सुरजपुर एसपी आई कल्याण एलिसेला ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मंहगई निवासी विकास जायसवाल द्वारा अपने रिश्तेदारों के साथ पिकअप वाहन में मध्यप्रदेश से अवैध शराब ला रहा था। यहां शराब खपाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने एडिशनल एसपी एवं रामानुजनगर पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर महंगई गांव में मनोहर सिंह के घर के पास खड़ी बिना नंबर की पिकअप की तलाशी ली। पिकअप वाहन में गांव का ही विकास जायसवाल मिला।

पूछताछ में विकास ने बताया कि वह अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर मध्यप्रदेश से बीते 5 सितंबर को 77 पेटी अंग्रेजी शराब लेकर आया है। पुलिस ने पिकअप वाहन की तलाशी ली। पिकअप वाहन में शराब के ऊपर सब्जी का कैरेट रखा हुआ मिला। कैरेट हटाने पर पुलिस ने पिकअप वाहन से 77 पेटी में 706 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ ही पिकप वाहन व सब्जी के कैरेट बरामद की।

मामले में रामानुजनगर पुलिस ने आरोपित विकास जायसवाल सहित राजनारायण जायसवाल और उसके पुत्र गणेश जायसवाल निवासी लखनपुर एवं गौरव जायसवाल निवासी खमरिया के विरुद्ध धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपित विकास जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। मामले के एक आरोपित नारायण जायसवाल को दो दिन पूर्व ही लखनपुर पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जेल भेजा है, जबकि दो अन्य आरोपित फरार है। पुलिस द्वारा बरामद की गई 706 लीटर अवैध शराब में गोवा अंग्रेजी शराब 67 पेटी (3350 पाव), ऑफिसर च्वाईस 2 पेटी (96 पाव), मेगडावल नंबर एक विस्की की 3 पेटी (144 पाव), केन बीयर माउस 5 पेटी (120 नग) पेटी शामिल है। जिसकी लागत 428980 रुपये बताई गई।

## पुलिस की नाक में दम करने वाला चोर पकड़ाया चोरी के बाद झारखंड भाग जाता था शातिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस एक शातिर चोर को पकड़ने में सफलता पाई है। दरअसल इस चोर ने जशपुर पुलिस की नाक में दम कर रखा था। बीते कुछ माह के भीतर जशपुर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में चोरी कर यह पड़ोसी राज्य झारखंड भाग जाता था। पुलिस को लंबे समय से इसकी तलाश थी। आखिरकार पुलिस को सफलता मिली और रांची से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी पास से करीब 48 लाख के जेवर सहित कुल 49 लाख 66 हजार रुपए का मशरुका बरामद किया है।

इस मामले का शुक्रवार को जशपुर एसपी डी रविशंकर ने खुलासा किया। एसपी ने बताया कि तपकरा व कांसाबेल थाना क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही थी। इस मामले में अपराध दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी झारखंड के रांची में है। पुलिस की एक टीम भेजी गई और रांची से उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी सैफ अली उर्फ सनी महज 19 साल का है और वह अपने अन्य साथियों के साथ जशपुर में चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। आरोपी सैफ व उसके साथियों के खिलाफ तपकरा थाने में पांच चोरियां, कांसाबेल में एक और एक चोरी झारखंड में की थी।



इस मामले में पुलिस ने पूर्व में आरोपी उचित सिंह, सुमित नामदेव, शिवम तुरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं सैफकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी। आरोपी के पास से सोने चांदी के जेवरात कीमती 48 लाख 34 हजार 835 रुपए, स्कूटी कीमती 75 हजार व 1 लाख 31 हजार 165 रुपए नगदी सहित कुल 49 लाख 66 हजार रुपए का मशरुका बरामद किया गया। इस पूरी कार्रवाई में प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, पिछारू राम भगत, सुरेश लकडा, संतुराम यादव, आरक्षक दीपक बंजारे, शिव शंकर, अमित एक्का, प्रमोद रौतिया, अनिल सिंह, महिला आरक्षक मंजू यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं इन प्रकरणों को सुलझाने वाली टीम के लिए एसपी डी रविशंकर ने 20000 रुपए तथा आईजी अजय यादव ने 25000 रुपए रिवार्ड की घोषणा की है।

## खेत से लौट रहे ग्रामीण पर भालुओं का हमला, सिर-पीठ पर गंभीर चोट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर ( ए )।** सुकमा जिले के भेलवापल गांव में शुक्रवार की शाम को अपने खेत से लौट रहे ग्रामीण पर अचानक से छह भालुओं के झुंड ने हमला कर दिया। घायल को घटना के बाद सुकमा के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी खराब हालत को देखते हुए उसे मेकाज रेफर किया गया। ग्रामीण की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, भेलवापल निवासी ग्रामीण माड़वी हूंगा 55 वर्ष शुक्रवार की दोपहर को अपने खेत में काम करने के लिए गया हुआ था, इसी बीच शाम को जब वापस लौट रहा था कि अचानक रास्ते में उसे भालुओं का झुंड मिल गया। ग्रामीण कुछ समझ पाता, इससे पहले ही भालुओं ने उस पर हमला कर दिया। हमले के बाद लहूलुहान ग्रामीण ने अपने आप को बचाने के लिए शोर मचाया।

इसी दौरान जंगल में मौजूद ग्रामीणों की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीण को भालुओं के चंगुल से छुड़ाते हुए उसे पहले सुकमा अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसकी खराब हालत को देखते हुए एंबुलेंस की मदद से मेकाज भेजा गया। बताया जा रहा है कि भालुओं ने ग्रामीण के सिर, हाथ, पीठ आदि जगहों पर हमला किया है, जिसके कारण उसे गंभीर चोट आई है, फिलहाल ग्रामीण का उपचार किया जा रहा है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## मछली पकड़ रहे बुजुर्ग को हाथी ने कुचला, तीन लोगों ने भागकर बचाई जान



**महासमुंद ( ए )।** जिले के बसना ब्लॉक के ग्राम खुरदरहा में मछली पकड़ रहे एक बुर्जुग को हाथी ने रौंद दिया है। मृतक रामलाल उम्र 60 वर्ष है जो अपने तीन और साथियों के साथ खेत की मेड पर मछली पकड़ रहा था। तभी 23 हाथियों का दल उधर से गुजरा। हाथियों को देख तीन लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। लेकिन रामलाल भाग नहीं पाया और हाथियों ने उसे कुचल कर मार डाला। बसना वनपरिक्षेत्र के ग्राम खुरदरहा की यह पूरी घटना है। बसना वन परिक्षेत्र में पिछले एक माह से 23 हाथियों का आना जाना लगा है। और कल देर रात से ही क्षेत्र में इन हाथियों का उत्पात जारी था।

फसलों को भी नुकसान पहुंचाने की खबर है। वन अमला मृतक के परिवार को 25 हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक मदद कर आगे की कार्रवाई में जुटा है। साथ ही गांवों में मुनादी कराई जा रही है कि, हाथियों से छेड़छाड़ न करें और उनसे दूर रहें। हाथियों को देखने पर वन विभाग को सूचित करें। फिलहाल हाथियों के दल के विचरण पर गश्ती दल अपनी नजर बनाए हुए है।

### 36 घंटे बाद मिली उमाकांत की लाश

## पुराने पुल से 6 किमी दूर मोहलई एनिकट के पास मिला शव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग के शिवनाथ नदी पुराने पुल से कूदकर आत्महत्या करने वाले बोरसी निवासी उमाकांत साहू का शव 36 घंटे की मशक्कत के बाद मिला। शुक्रवार को सुबह से जारी रेस्क्यू में एसडीआरएफ को सफलता नहीं मिली। वहीं मछुवारों ने मिलकर युवक की लाश को खोज निकाला। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई है और आगे की तैयारी की जा रही है।

बता दें बुधवार आधी रात को बोरसी निवासी उमाकांत साहू ने पुराने पुल से छलांग लगा दी थी। अंजोरा रोड पर स्थित हमारा ढाबा में जन्मदिन की पार्टी मनाकर लौटने के बाद पुराने पुल के पास उसने अपनी बाइक खड़ी की और पर्स, मोबाइल व अन्य सामान निकला और छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार सुबह से युवक की तलाश की जाती रही। इस दौरान एसडीआरएफ व मछुवारा कल्याण समिति द्वारा तलाश की जाती रही। गुरुवार को सफलता नहीं मिली।

रात को रेस्क्यू रोक दिया गया। वहीं शुक्रवार को सुबह से तलाश फिर से शुरू की गई। पुराने पुल के साथ ही एनिकट से दूर भी उसकी तलाश होती रही। इस बीच मछुवारों को सफलता मिली। मछुवारा कल्याण संघ के श्याम डीमर व उसके साथियों ने युवक को निकाला। पुराने पुल से छलांग लगाने के बाद उमाकांत का शव बहकर मोहलई एनिकट तक पहुंच गया था। यहां पर रेलवे ब्रिज के नीचे शव फंसा हुआ था। फिलहाल शव को निकाल लिया गया और आगे की कार्रवाई जारी है।

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)

**:: ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र–ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में **श्रेणी–डी** एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण** :– बेमेतरा जिले के विकासखंड **बेमेतरा, नवागढ़, साजा एवं बेरला** में **जल जीवन मिशन** अंतर्गत एकल ग्राम नलजल योजनाओं के अंतर्गत **UPVC pipe 6kg/10kg** पाईप लाईन जोड़ने, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल, क्लोरीनेटर सिस्टम, क्लोरीनेटर रूम, इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन, सबमर्सिबल पंप, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि दिये गये शेड्यूल के अनुसार।

| स. क्र. | सिस्टम नम्बर | निविदा सू.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 146770 | 133 | पण्डरभट्ठा एकल ग्राम नलजल योजना (अष्टम निविदा) | 102.45 |
| 2 | 146778 | 134 | करचुवा (कोसा) एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 70.67 |
| 3 | 146779 | 135 | रवेली एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 87.60 |
| 4 | 146780 | 136 | मोतिमपुर एकल ग्राम नलजल योजना (पंचम निविदा) | 46.3 |
| 5 | 146781 | 137 | दमई एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 47.09 |
| 6 | 146782 | 138 | सहगांव एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 62.30 |
| 7 | 146783 | 139 | मनियारी एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 177.34 |
| 8 | 146784 | 140 | भटगांव एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 95.98 |
| 9 | 146785 | 141 | मौहाभाठा एकल ग्राम (कुम्हीगुड़ा समूह) नलजल योजना (पंचम निविदा) | 89.33 |
| 10 | 146786 | 142 | माटरा एकल ग्राम (कुम्हीगुड़ा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 65.33 |
| 11 | 146787 | 143 | कातलबोड़ एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (पंचम निविदा) | 68.68 |
| 12 | 146788 | 144 | भोपसरा एकल ग्राम (अमलडीहा) नलजल योजना (अष्टम निविदा) | 114.18 |
| 13 | 146789 | 145 | अतरगंवा एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 92.36 |
| 14 | 146792 | 146 | चाकापेण्ड्रा एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 55.95 |
| 15 | 146793 | 147 | रमपुरा एकल ग्राम (खम्हरिया समूह) नलजल योजना (चतुर्थ निविदा) | 103.40 |
| 16 | 146794 | 148 | मुडपार एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 90.61 |
| 17 | 146795 | 149 | मुरकुटा एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 85.29 |
| 18 | 146797 | 150 | रूसे एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 57.37 |
| 19 | 146798 | 151 | तारेगांव एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 56.59 |
| 20 | 146799 | 152 | गोढ़ीकला एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 105.41 |
| 21 | 146800 | 153 | मनोधरपुर(मेहना) एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 64.62 |
| 22 | 146801 | 154 | पौसरी एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 80.95 |
| 23 | 146802 | 155 | दयालपुर एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 59.05 |
| 24 | 146803 | 156 | मेड़की एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 75.06 |
| 25 | 146804 | 157 | कवराकांपा एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 79.47 |
| 26 | 146806 | 158 | खाम्ही एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 95.66 |
| 27 | 146807 | 159 | जुनवानीकला एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 62.67 |
| 28 | 146808 | 160 | चकलाकुण्डा एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (तृतीय निविदा) | 75.70 |
| 29 | 146809 | 161 | बैजलपुर एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (द्वितीय निविदा) | 32.32 |

1. बिड प्रारंभ की तिथि – 08.09.2023
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि – 15.09.2023

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 08.09.2023 से देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)

जी-05071/8

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में

All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस


फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर

## न्यायिक आवासीय कॉलोनी का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया गया

**दुर्ग।** न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से भिलाई-03 में नव निर्मित न्यायिक आवासीय कॉलोनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष/न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी द्वारा वर्चुअल माध्यम से गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई। उद्घाटन के इस कार्यक्रम में मंच का संचालन, आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा, माननीयों का स्वागत उद्बोधन नीता यादव, जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग द्वारा तथा धन्यवाद प्रस्ताव संतोष ठाकुर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला न्यायालय दुर्ग द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन में श्रीमती नीता यादव, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा वर्चुअल/भौतिक रूप से आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्माननीयों का स्वागत करते हुए भिलाई-03 में नवनिर्मित न्यायिक आवासीय कॉलोनी के बारे में बताया कि भिलाई-03 में न्यायिक अधिकारियों हेतु 02 तथा अन्य न्यायिक कर्मचारीगण हेतु 18 आवास, इस प्रकार कुल 20 आवास का निर्माण किया गया है तथा साथ ही सामुदायिक भवन तथा खेल के मैदान का अभूतपूर्व निर्माण किया गया है जो निश्चित ही न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम के अग्रशरण में माननीय गौतम भादुड़ी, न्यायमूर्ति/कार्यपालक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रायः यह देखा गया है कि अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु मूलभूत सुविधाओं का अभाव होता है। इसी दिशा में संबंधित उच्चाधिकारियों की बैठक आयोजित किया जाकर आवासीय परिसर के निर्माण के संबंध में निर्देश प्रसारित किया गया। भिलाई-03 में नवनिर्मित न्यायिक आवासीय परिसर इसी का एक उदाहरण है, जो अपने आप में इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर, द्वारा अपने उद्बोधन में न्यायिक आवासीय परिसर का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए समस्त न्यायिक अधिकारी व कर्मचारीगणों को खुशियों की सौगात दी।

## राजीवनगर व लक्ष्मीनगर में बनेगा सीसी रोड

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के राजीवनगर व लक्ष्मीनगर क्षेत्र मे सीमेंटीकरण तथा नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वार्ड 9 एवं 10 मे 20 लाख की लागत से बनने वाले इस सिमेंटीकरण सडक निर्माण को सभापति गिरवर बंटी साहू,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, वार्डवासियों की उपस्थिति में वार्ड पार्षद चंद्रशेखर गंवई एवं पार्षद रानू राजू साहू ने भूमिपूजन कर कार्य को प्रारंभ कराया। वार्ड 10 लक्ष्मीनगर में 120 मीटर सीमेंटीकरण तथा वार्ड 09 में मुन्ना सिंह के घर लेकर महेंद्र वासनिक के घर तक सीमेंटिकरण सड़क का निर्माण किया जावेगा। जिसकी माँग क्षेत्र वासी लम्बे समय से कर रहे थे कार्य प्रारंभ होने से लक्ष्मीनगर एवं राजीवनगर के नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर नीरज पाल व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के नागरिकों को सभापति गिरवर बंटी साहू ने संबोधित करते हुए कि कहा निगम प्रशासन पूरे निगम क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कर रही है।

# अब टाउनशिप में नहीं आएगा गंदा पानी, विधायक देवेन्द्र की पहल पर 336 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार

### सीधे शिवनाथ से पानी लिफ्ट करके मरोदा डेम में लाएंगे पानी, सोमवार को मंत्री रविन्द्र चौबे संग करेंगे भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज़

भिलाई। बीएसपी क्षेत्र में हर साल गर्मी के सीजन में गंदे पानी की समस्या रहती है लोगों के घरों में पीने के लिए जो पानी सप्लाई किया जाता है वह काफी गंदा रहता है। इस गंदे पानी की समस्या का परमानेंट समाधान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निकाल लिया है। इसके लिए शिवनाथ नदी से सीधे पानी मरोदा डैम में पाइप लाइन के माध्यम से लाने का प्रस्ताव बनाया गया है। जिस पर शासन ने स्वीकृति दे दिए और जल्द ही इसका काम भी शुरू किया जाएगा इसके लिए बीएससी प्रबंधन और जिला प्रशासन के सहयोग से हाईटेक लिफ्ट इरीगेशन शिवनाथ नदी के तट पर बनाने की योजना प्रस्तावित है।




336.40 करोड़ रुपए की लागत से प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। जिसे जल्द ही भूमि पूजन किया जाएगा। योजना के तहत शिवनाथ नदी के किनारे भरदा कोटनी के पास एक हाईटेक लिफ्ट इरीगेशन बनाया जाएगा और 18 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर मरोदा डैम में शिवनाथ नदी का पानी लाएंगे। इससे साल भर मरोड़ा डैम में पर्याप्त मात्रा में पानी रहेगा। यह पूरा प्रोजेक्ट को राज्य शासन और सेल की सहमति से सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने हैदराबाद सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के मार्गदर्शन और सहयोग से मिलकर बनाया है। इसके लिए सबसे पहले भिलाई नगर विधायक ने पहल की थी और प्रस्ताव शासन को भेजे थे।

### किसानों और बीएसपी दोनों को होगा लाभ

लिफ्ट इरीगेशन बनाने से बीएसपी और दुर्ग जिले के किसानों को लाभ होगा साथ ही भिलाई टाउनशिप में रहने वाले लोगों के घरों में जो गंदा पानी आता है उस गंदे पानी की समस्या का भी परमानेंट समाधान हो जाएगा। वर्तमान समय में गंगरेल बांध और खरखरा से नहर के माध्यम से मरोदा डैम में पानी आता है। इसी नहर के माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन में सिंचाई के लिए पानी भी देना पड़ता है। एक ही समय में दोनों को पानी देने में काफी दिक्कत होती है। इसलिए लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से डेम को भरने की स्कीम बनाई गई है। इससे शिवनाथ नदी का पानी सीधे डैम में आएगा और किसानों को भी नहर के माध्यम से भरपूर पानी देने में सुविधा होगी।

### प्रदेश का सबसे हाईटेक लिफ्ट इरीगेशन

यह प्रदेश का सबसे हाईटेक लिफ्ट इरीगेशन होगा। क्योंकि यह पहला ऐसा इरिगेशन है,जहां पर इस सिस्टम को लगाया जाएगा। इससे पाइपलाइन में या मशीनों में किसी भी प्रकार की समस्या आएगी तो मशीन अपने आप बंद हो जाएगी और यह पूरा सिस्टम सेंसर के माध्यम से काम करेगा। इस तरह का सिस्टम अमृत मिशन के तहत बने जल संशोधन संयंत्र में लगाया गया है जो फिलहाल रायपुर जैसे कुछ बड़े शहरों में उपयोग किया जाता है लेकिन पहली बार यह सिस्टम लिफ्ट इरीगेशन में लगाया जा रहा है और इसे बनाने में हैदराबाद सिंचाई विभाग के इंजीनियरों का भी काफी सहयोग रहा है।

### हम लगातार जनता के लिए कर रहे हैं काम

हम लगातार भिलाई की जनता के लिए काम कर रहे हैं हर साल गर्मी के सीजन में टाउनशिप में रहने वाले लोगों को गंदे पानी की समस्या से जूझना पड़ता है इस समस्या के परमानेंट समाधान के लिए 336 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है जिसे जल्द ही मानी मंत्री जी की कर कमरों द्वारा भूमि पूजन किया जाएगा इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में बीएसपी प्रबंधन और जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग की इंजीनियरों का भी काफी सहयोग रहा है इससे टाउनशिप के नागरिकों को काफी राहत मिलेगी।

**देवेंद्र यादव,** विधायक भिलाई नगर

# 10 करोड़ की लागत से होगा जिला अस्पताल का आधुनिकीकरण निजी अस्पतालों की तर्ज पर नागरिकों को मिलेंगी सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने चिकित्सा अधिकारी जेपी मेश्राम व उनके अधीनस्थ कार्यरत नोडल अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। जिला अस्पताल वर्तमान में एक क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में कार्य कर रहा है, जिसमें जिले के अलावा दूसरे जिले से भी मरीज इलाज कराने आते हैं।

उनकी सुविधाओं का ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल का जीर्णोद्धार किया जाएगा। अस्पताल आधुनिक मशीनरी के साथ लैस रहेगा। यहां वह सब सुविधा दी



जाएगी जो एक निजी व बड़े अस्पतालों में दी जाती है। समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल के विस्तार करने के लिए डॉक्टरों की नियुक्ति किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल को निजि अस्पताल के तर्ज पर आधुनिकिकरण करने कहा। इसके लिए उन्होंने 10 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की।

अस्पताल की सुविधा बढ़ाने के लिए डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। जिसमें सुपेला में स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में 2 डॉक्टर, जिला अस्पताल में 13 डॉक्टर एवं मेडिकल ऑफिसर तथा धमधा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में 4 डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। अस्पताल में निजि अस्पताल जैसी सुविधा दी जाएगी। अस्पताल के प्रांगण में हरा-भरा गार्डन बताया जाएगा तथा मरीजों के संबंधियों को बैठने के लिए बराण्डा जिसमें शेड का निर्माण किया जाएगा।

इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर करेंगे रोजाना अस्पताल का निरीक्षण कलेक्टर ने विभिन्न डिप्टी कलेक्टर्स को जिला अस्पताल का दिन और रात की पाली में निरीक्षण करने को कहा। ताकि अस्पताल को निरीक्षण के दौराण किसी प्रकार की असुविधा दिखे तो तुरंत कार्यवाही कर सुधार कराया जाए।

## फर्जी मोबाइल नंबरों से आए एसएमएम से बिजली उपभोक्ता सावधान रहें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संज्ञान में आया है कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर फेक एसएमएस भेजे जा रहे हैं, जिसमें बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का संदेश लिखा होता है तथा 10 अंकों का फर्जी मोबाइल नंबर से संपर्क करने कहा जाता है। इस नंबर पर फोन करने पर साइबर ठग बिजली कनेक्शन कटने का झांसा देते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिए हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने को कहा है। कंपनी कभी भी अपने उपभोक्ताओं को 10 अकों के मोबाइल नंबर से कोई मैसेज नहीं भेजती है और न ही 10 अंकों के मोबाइल नंबर पर किसी तरह के भुगतान स्वीकार किया जाता है। पॉवर कंपनी ना ही कभी भी किसी लिंक को क्लिक करने के लिए कहती है और ना ही 'मोर बिजली ऐप' के अलावा किसी ऐप को डाउनलोड करने या उपयोग करने को कहती है। साइबर ठग उपभोक्ता नंबर के बजाय उपभोक्ता का मोबाइल नंबर मांगते हैं।

## भिलाई में कई जगह जन्माष्टमी की धूम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई स्टील सिटी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बुधवार से ही शुरू हो गया दो दिवसीय इस कार्यक्रम में ब्रज मंडल राधा कृष्ण मंदिर सुंदर खूबसूरत वृंदावन राधा कृष्ण मंदिर को सुंदर सजाया गया प्रथम दिन भगवान बालकृष्ण की मनोहर और झांकी पूजा अनावरण एवं वृंदावन के कलाकार रासलीला की प्रस्तुति दी ब्रज मंडल भिलाई श्री राधा कृष्ण मंदिर भिलाई के प्रसिद्ध समाजसेवी संजय जैन अनिल जैन ने भगवान बालकृष्ण की मनमोहक झांकी का पूजन का अनावरण किया इस अवसर पर भिलाई स्टील प्लांट अधिशासी निदेशक अंजनी कुमार वह उनके परिवार मुख्य अतिथि थे मंदिर में पूजा अर्चना आरती आरती की गई भगवान श्री कृष्ण की सुंदर झांकी हुई दर्शकों को देखने मिल रही है भक्ति पूरा स्टील सिटी हरे राधा हरे कृष्णा जय जय राम कृष्ण हरि गोविंदा आला रे आला राधे राधे श्याम से मिला दे भक्ति में श्री कृष्णा राधे की भक्ति में डूबा हुआ है ब्रज मंडल सेक्टर 6 वृंदावन से आए कलाकार ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं की प्रस्तुति दीब्रज मंडल सेक्टर 6 राधा कृष्ण मंदिर निशुल्क अतुल्य आयुर्वेदिक एवं पंचकर्म चिकित्सालय आयुर्वेदिक शिविर डॉक्टर स्नेहा केलकर जी के द्वारा ब्लड प्रेशर शुगर एवं परामर्श शिविर मानव सेवा भावना से ब्रजमंडल परिसर में लगाया गया है आज ही आज ही बड़ा ए एकदम स्वास्थ्य की ओर अतुल आयुर्वेदिक एवं पंचकर्म चिकित्सालय शिविर का आयोजन भी लगाया गया है स्वास्थ्य के बारे में जानकारी एवं परीक्षण किया भी जा रहा हैमेकअप आर्टिस्ट गुरप्रीत कौर ब्रज मंडल ग्रुप के तत्वाधान सेक्टर 6 ब्रज मंडल मंदिर राधा कृष्ण के द्वारा सुंदर नृत्य वाटिका का मंचन किया गया ग्रुप लीडर एलिस दुर्योधन अन्य कलाकार सपना ,नव्या वीरेंद्र शर्मा, सूरज मं गला सभी कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी दर्शकों को काफी पसंद आयामेकअप आर्टिस्ट गुरप्रीत कौर ब्रज मंडल ग्रुप के तत्वाधान सेक्टर 6 ब्रज मंडल मंदिर राधा कृष्ण के द्वारा सुंदर नृत्य वाटिका का मंचन किया गया।

## पशुपालक अपने मवेशी को सड़क पर खुला न छोड़े

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** निगम क्षेत्र के पशुपालकों के पशुओं का टेगिंग एक माह के भीतर किया जायेगा, बिना टेगिंग के मवेशी पाये जाने पर जप्ति की कार्यवाही की जावेगी। मवेशियों को सड़क पर आवारा न छोड़े इससे होने वाले वाहन दुर्घटना से जन हानि और पशुधन की हानि होती है। आयुक्त रोहित व्यास ने निगम सभागार में आहुत पशुपालको की बैठक में कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर रोका छेका संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।



कलेक्टर ने सभी पशुपालाकों की बैठक बुलाकर यह सुनिश्चित करने कहा है कि कोई भी पशुपालक अपने मवेशी को सड़क पर नहीं छोड़े आप सब अपने पशुओं को चरवाहा के साथ सड़क के किनारे किनारे चराने के लिए ले जाये। पशु सड़क पर रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होने कहा कि शहर के सभी पशुपालको को अपने मवेशी का एनिमल टेगिंग करवाना अनिवार्य है। इसके लिए पशुपालन विभाग आपके खटाल में जाकर पशु मालिक की उपस्थिति में टेगिंग करेगा और आपके नाम पर पशु को पंजीकृत करेगा। जो पूर्णतः निःशुल्क होगा, इस कार्य में आपका सहयोग आवश्यक है। एक माह में सम्पूर्ण निगम क्षेत्र के खटाल मालिकों के मवेशियों का टेगिंग तथा पंजीयन होने के बाद जो जानवर बिना टेगिंग के सड़क पर पाया जायेगा, उसे आवारा मवेशी जानकर निगम जप्त करेगा। श्री व्यास ने कहा कि निगम द्वारा सड़क पर घूमने वाले तथा झुण्ड बनाकर बैठे मवेशियों को पकड़कर गौठान में रखा जा रहा है। एनिमल टेगिंग की शुरूवात गौठान में रखे गये 800 से अधिक गाय, बैल, सांड से किया जायेगा। उन्होने कहा कि यदाकदा यह शिकायत मिलता है कि निगम द्वारा चलाये जा रहे रोका छेका संकल्प अभियान में लगे कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है जो उचित नहीं है, ऐसी शिकायत पर निगम शासकीय कार्य में बाधा के तहत एफआई.आर. दर्ज करवाया जायेगा। खटाल संचालक अजय यादव, भूपेन्द्र यादव, मनोहर सिंग यादव एवं ज्योति शरण शर्मा द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सार्थक जवाब भी उन्हे दिया गया। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पशुपालकों से कहा कि जिनको गोकुल नगर में खटाल के एवज में भूमि आबंटित किया गया है तत्काल अपना खटाल घनी आबादी क्षेत्र में बंद कर गोकुल नगर में संचालित करे। उन्होने निगम के राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले से कहा कि पुनः सर्वेक्षण कर पता लगाये कि कितने खटाल संचालक गोकुल नगर में आबंटन के बाद भी घनी बस्ती में अभी भी खटाल संचालित कर रहे है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का निकाय स्तर पर दो दिवसीय प्रतियोगिता आरंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के निकाय स्तर का दो दिवसीय प्रतियोगिता भिलाई विद्यालय सेक्टर 02 के मैदान शुरू हुआ दुर्ग, भिलाई, रिसाली, उतई, पाटन सहित 8 निकाय से लगभग 500 खिलाड़ी पहुंचे हुए है और अलग अलग खेलों में अपने प्रतिभा का हुनर दिखा रहे। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा लेकर उत्साह से पारंपरिक खेलों का लुफ्त उठा रहे है। बच्चे गिल्ली डंडा, पिट्ठुल तो महिलाएं रस्साकशी, लंगड़ी और फुगड़ी में भाग लिए है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देकर छिपी हुई खेल प्रतिभा को सामने लाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन 26 जुलाई से प्रारंभ हुआ था, जिसके प्रथम चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर के विजेता खिलाड़ियों को जोन स्तर के प्रतियोगिता में भाग लिए, जोन स्तर के विजेता खिलाड़ियों को खेल के तीसरे चरण में निकाय स्तर का आयोजन शुक्रवार को सेक्टर 02 भिलाई विद्यालय के मैदान में किया जा रहा है। पारंपरिक खेलो में खिलाड़ी पूरे उत्साह से मैदान में दमखम दिखा रहे है, खेल आयोजन को सफल बनाने नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी अजय शुक्ला, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, धीरज साहू, खेल विभाग से पीटीआई और विभिन्न निकायों से पहुंचे कर्मचारी मैदान में डटे रहे।

### 16 खेलों का हो रहा आयोजन -

गिल्ली डण्डा, पिट्टुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, कंचा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी दोड़, लम्बीकूद, रस्सीकूद, कुश्ती सहित कुल 16 प्रकार के खेल को छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक खेल में शामिल किया गया है, जिसमें प्रतिभागियों को 3 समूह में बांटा गया है, 0 से 18, 18 से 40, 40 से अधिक उम्र के प्रतिभागी खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर हुनर दिखा रहे है।

### इन निकायों से शामिल हुए प्रतिभागी

भिलाई निगम, रिसाली निगम, दुर्ग निगम, चरोदा निगम, कुम्हारी पालिका, नगर पंचायत उतई एवं नगर पंचायत पाटन सहित 7 निकास से लगभग 500 से अधिक खिलाड़ी पारंपरिक खेलों में विजेता बनने मैदान में जुटे रहे।

## आयुक्त का सख्त निर्देश सड़कों से करे आवारा पशुओं पर नियंत्रण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में आज नगर पालिक निगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने डाटा सेंटर के सभागार में निगम स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं सफाई दरोगा और वार्डो के सभी सुपर वाइजारो के साथ तीन घंटे बैठक लेकर सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 10 दिनों तक सड़कों से आवारा और घुमंतू पशुओं को नियंत्रित किया जाए। आयुक्त ने सड़कों में आवारा पशुओं को नियंत्रित करने निगमों द्वारा पशुपालकों पर जुर्माना लेते हुए सख्त से सख्त कार्यवाही करने कहा।



आयुक्त ने कहा कि सड़कों से घुमंतू पशुओं को हटाने के लिए प्रभावी तरीके से कार्य किया जाना चाहिए। पशुओं का सर्वेक्षण करने के लिए सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई हैं उन्होंने कहा कि सुपर वाइजर अपने -अपने वार्डो के घर-घर में जाकर सर्वे करेंगे पशु मालिक से पूछे कि आपके यहाँ कितने पशुओं है। आयुक्त ने बैठक में सख्ती दिखते हुए कहा कि अपने अपने वार्डो के सडको और गालियों में कितने आवारा पशु घूम रहे है जैसे कि कितने गाय, बैल और बच्चे है।

उसकी संख्या लिखकर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।उसके बाद पशुपालन विभाग के साथ जाकर पशुओं को टेंगिंग किया जाएगा।उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश में कहा कि दूध व्यवसाय कर रहे पशुपालकों की बैठक आयोजित करें। ताकि पशुपालकों के मालिकों को बताया जा सके कि अपने पशुओं को छोड़ा जाएगा तो मालिक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अमला को सख्त समझाइस देते हुऐ कहा सफाई कर्मी द्वारा सफाई करने के बाद कचरा इकठ्ठा करने डोर टू डोर जाते है उनको साथ साथ घर के मालिकों से पशु संख्या की जानकारी लेने के लिए कहा।

उन्होंने कहा लापरवाही करने वालो पर गिरेगी गाज।उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए कहा कि शहर को क्लीन सिटी बेहतर सिटी के रूप में देखना है सड़को में बेहतर साफ सफाई हो सफाई करते समय सड़क पर पत्थर रखा तो उसके उठाकर सफाई करने को और वार्डो के गलियों में गाड़ियों को हटवाकर सफाई करे।सड़को से झिल्ली पन्नी गोबर को भी उठाए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950